हरिभूमि
# छिंदवाड़ा भूमि
5
जबलपुर, रविवार 24 मार्च 2024
login : www.haribhoomi.com
पांढुर्णा | सौंसर | चौरई | बिछुआ | परासिया | जुन्नारदेव | अमरवाड़ा | हर्रई

## खबर संक्षेप

### आज मनाया जाएगा रंगों का पर्व होली

**दमुआ।** वर्ष भर में होली का त्योहार फाल्गुन शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को मनाया जाता है होली एक ऐसा त्यौहार है जिसका लोगों को पूरे साल बेसब्री से इंतजार करना पड़ता है इस वर्ष होली का पावन त्योहार 24 मार्च दिन रविवार को पड़ रहा है होली के शुभ मुहूर्त में रात्रि पूजन पाठ और फिर रात के समय जागरण भी करते हैं रात्रि के समय चहल-पहल भी मची रहती है रात डूबते ही भुंसारे भोर होते ही होलिका दहन किया जाता है और सभी लोग परंपरा संस्कृति के अनुसार होली की पूजन पाठ कर एक दूसरे को तिलक लगाकर शुभकामनाएं बधाई भी देते हैं दूसरे दिन सोमवार 25 मार्च को धुरेंडी के दिन लोग रंग गुलाल होली के रंग अपनों के संग होली खेलते हैं।विभिन्न प्रकार के रंगों में लोग डूब जाते हैं धुरेंडी के दिन जनमानस लोग एवं रंग गुलाल भी खेलते हैं इस तरह सदभाव एवं भाईचारे के साथ होली का पवन पर त्यौहार भी मनाते हैं होली का त्योहार ऐसा त्यौहार है कि लोग भलाई बुराई को भुलाकर होली के त्योहार पर एक दूसरे को टीका लगाकर गले भी मिलते हैं और होली की शुभकामनाएं बधाई भी देते हैं।

### कांग्रेस पदाधिकारियों ने ली भाजपा की सदस्यता

**छिंदवाड़ा :** गांगीवाड़ा क्षेत्र के कांग्रेस पदाधिकारी-कार्यकर्ता राजेश तिवारी, अरूण सिकंदरपुरे, संजय साहू, घनश्याम प्रजापति के साथ अन्य लोगों ने भाजपा जिलाध्यक्ष एवं लोकसभा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू के समक्ष भाजपा की सदस्यता की । लोकसभा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू ने पार्टी का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया ।

### आईपीएस कॉलेज में चित्रकला-स्लोगन स्पर्धा

**छिन्दवाडा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में जिला नोडल अधिकारी स्वीप एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री पार्थ जैसवाल के मार्गदर्शन में आज आईपीएस महाविद्यालय छिंदवाड़ा में चित्रकला और स्लोगन प्रतियोगिता संपन्न हुई। इन प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा दिखाते हुए मतदान के महत्व को समझाने का प्रयास किया।

## शिक्षक भर्ती परीक्षा 2018 में ईडब्ल्यूएस श्रेणी के 848 पद खाली

# हाईकोर्ट के आदेश के बाद विभाग बना उदासीन

**शिक्षक भर्ती 2018 में ईडब्ल्यूएस श्रेणी के 848 पदों का मामला**

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा

शिक्षक भर्ती परीक्षा 2018 की भर्ती प्रक्रिया उप संचालक सुश्री कामना आचार्य चार वर्षों से देख रही है। पूरी भर्ती में शुरू से ही विसंगतियों का अंबार लगा है। 130 याचिकाएं कोर्ट में चल रही है जिसमें 1400 याचिकाकर्ताओं के परिवारों को विभाग की विसंगितयों के चलते हाईकोर्ट के चक्कर लगाने पड़ रहे है जिसमें ईडब्ल्यूएस श्रेणी के 848 पदों का मामला ओबीसी के 14 प्रतिशत से अधिक नियुक्ति का मामला, विभाग परिवर्तन का मामला, मेरिटोरियस पदों का मामला शामिल है। ईडब्ल्यूएस सामान्य वर्ग के गरीब छात्र ईडब्ल्यूएस के अभ्यर्थियों के तो हाल इतने बुरे है कि शायद ही उन्होंने कभी इतना भेदभाव का सामना किया होगा पूरी भर्ती प्रक्रिया में सामान्य श्रेणी के गरीब छात्रों के साथ ना इंसाफी की कहानी भर्ती प्रक्रिया शुरू होते ही शुरू हो गई थी। पहले तो उन्हें अन्य आरक्षित श्रेणियों के समकक्ष न रखते हुए न्यूनतम उत्तीर्ण अंक 60 प्रतिशत अंक ही रखे गए। जबकि एससी, एसटी, ओबीसी के लिए न्यूनतम पासिंग मार्क्स 50 प्रतिशत रखा गया था। एक लंबी लड़ाई के बाद ईडब्ल्यूएस के लिए न्यूनतम उत्तीर्ण अंक 50 प्रतिशत किया गया। इसके बाद जब द्वितीय काउंसलिंग में ईडब्ल्यूएस के पद शामिल करने की बारी आई तो सरकार ने 848 पदों पर भर्ती ही नहीं निकाली और इस बड़ी नाइंसाफी के चलते कई सैकड़ों अभ्यर्थी योग्य होने के बाद भी शिक्षक बनने से वंचित रह गए। फिर अभ्यर्थियों का एक समूह हाईकोर्ट से आदेश करवाने में सफल हो गया क्योंकि विशाल धगट के कोर्ट ने आदेश करते हुए यह माना कि ईडब्ल्यूएस के अभ्यर्थियों के साथ नाइंसाफी की गई है अतः उन्हें 45 दिनों के अंदर नियुक्ति प्रदान की जाए। आज 30 दिनों से अधिक का समय होने जा रहा है। इन 848 पदों पर भर्ती के लिए मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री भी विभाग प्रमुख को पत्र लिख चुके है परंतु विभाग इन पत्रों को मानने से इंकार कर रहा है और अपनी अपनी जवाबदारी से हटते हुए दूसरों पर भर्ती न होने किए जाने का दोषारोपण कर रहे है। ईडब्ल्यूएस श्रेणी के अभ्यर्थियों के समर्थन में बहुत से बड़े नेता विभाग को पत्र लिख चुके है। परंतु लोक शिक्षण संचालनालय के अधिकारियों को गरीब सवर्णों की लापरवाह नहीं है। वैसे भी इस समय देश आचार संहिता और चुनावों में इतना व्यस्त है कि ईडब्ल्यूएस श्रेणी के अभ्यर्थियों के भविष्य की कोई परवाह नहीं है। हाईकोर्ट के आदेश के बाद आज भी विभाग उदासीन बना हुआ है। जबकि डब्ल्यूपी नंबर 30205/2023 में पारित आदेश दिनांक 23-2-2024 के संदर्भ में निपटारा करते हुए तल्क टिप्पणी माननीय उच्च न्यायालय द्वारा की गई है जिसमें यह कहा गया है कि स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा इन पदों को भरने की प्रक्रिया को जानबूझकर रोककर रखा है। इन सारी बातों से यह तो स्पष्ट है कि सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों को आरक्षण और नेतागिरी के नाम पर हमेशा से ही छलकपट का सामना करना पड़ा है। ओबीसी वर्ग के हजारों छात्र छात्राएं अपेक्षाकृत कम अंक लेकर भी विगत दो तीन वर्षों से शिक्षक भर्ती में शामिल होकर शिक्षण कार्य कर रहे है, वहीं ईडब्ल्यूएस श्रेणी के छात्र आज भी अपने पद को पाने के लिए संघर्षरत है। एक दूसरे के अधिकारी के ऊपर टालमटोली का आलम देखकर लगता है कि विभाग इस विशेष वर्ग के लिए उदासीन ही बना रहना चाहता है। अब देखना यह है कि विभाग इस दिशा में कब कदम उठाता है। अगर विभाग जल्दी नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ कर नियुक्ति नहीं प्रदान करता है तो ईडब्ल्यूएस के अभ्यर्थी हार नहीं मानने वाले नहीं है। वे शीघ्र ही अपने पदों की प्राप्ति के लिए अन्य वैधानिक तरीकों से अपनी मंजिल प्राप्त करने का प्रयास करेंगे।

## होली त्यौहार को लेकर कर रहे भंडारण

# आचार संहिता में गांव-गांव वाहनों से पहुंच रही अवैध अंग्रेजी शराब



हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया

19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न हो जाएं। इसके लिए जिला प्रशासन ने अपराधियों की धर पकड़ एवं लाइसेंसी हथियारों को थाना में जमा करने के निर्देश दिए है।इसी तरह अवैद्य शराब बिक्री पर प्रभावी कार्रवाई की जाए । और क्षेत्र में देसी विदेशी शराब बिक्री पर कड़ाई से रोक लगाई जाए । लेकिन तामिया तहसील की देसी विदेशी शराब दूकान का ठेका अन्य ठेकेदार को मिल चुका है। जिस कारण वर्तमान ठेकेदार अपने शराब स्टाक को चुनावी आचार संहिता में जिला प्रशासन की सख्त मनाही के बाद भी क्षेत्र में अपनी शराब दुकानों से सवारी वाहनों में भरकर जगह अपने कुचियो के यहां, बेखौफ होकर, अबेध शराब का भंडारण तामिया तहसील के हर बड़े ग्राम में करवाया जा रहा है। इसमें पुलिस और आबकारी विभाग का शराब ठेकेदार को तनिक भी भय नहीं हैं। और दिन के उजाले में बोलोरो, सवारी वाहनों में अंग्रेजी शराब की पेटियां पहुंचाई जा रही है। इस तरह विदेशी शराब की पेटियां पहुंचने के पीछे ठेकेदार की मनसा यह है। कि 31 मार्च को ठेका अवधि समाप्त हो रही है। और माल को ठिकाने भी लगाना है । इसी उद्देश्य से होली पर गांव-गांव शराब के अवैध भंडारण भी करवाया जा रहा है । क्योंकि चुनावी दौर में शराब बांटने की परंपरा इस क्षेत्र में बरसों से चली आ रही है। इस कारण इनका जो ओवर स्टाक है। वह ठिकाने लग जाए। और अवैध कमाई अंतिम महीने के अंतिम दिनों में भी होगी। लेकिन सबसे हैरत करने वाली बात है। कि इस तरह शराब वाहनों से ले जाने से पुलिस और आबकारी विभाग की कार्य प्रणाली पर प्रश्न चिन्ह खड़ा हो रहा है। क्योंकि जिले के आला अधिकारियों ने किसी भी आपराधिक गतिविधियों को पनपने नहीं देने के लिए पुलिस और आबकारी को , सख्त निर्देश आचार संहिता में दे रखे हैं। लेकिन उनके इन आदेश निर्देशों का कितना पालन हो रहा है। यह अधिकारी किसी भी गांव में अपने स्तर से पता चलाये कि अंग्रेजी शराब कहां पर बिकती है। तो हर गांव में उन्हें पता चल जाएगा की शराब अवैध रूप से बिक रही है।

# पिस्टल और जिंदा कारतूस के साथ धराया युवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



कोतवाली पुलिस ने एसएसटी चैकिंग पाईंट नागपुर छिन्दवाडा रोड सर्रा से अवैध आग्नेय शस्त्र पिस्टल एवं कारतूस लिये आरोपी अमन विश्वकर्मा को किया गिरफ्तार किया है। जानकारी में कोतवाली थाना प्रभारी उमेश गोल्हानी ने बताया कि आगामी लोग सभा चुनाव के मद्दे नजर चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराये जाने हेतु अवैध गतिविधियो पर अंकुश लगाये जाने हेतु वरिष्ट अधिकारियो से निर्देश प्राप्त हुए थे।

ऐसे में एसएसटी नाका छिन्दवाडा नागपुर रोड ग्राम सर्रा में एसएसटी टीम द्वारा चैकिंग के दौरान आरोपी अमन विश्वकर्मा ( मालवी) पिता देवीलाल विश्वकर्मा उम्र 21 वर्ष निवासी गली नं. 07 गुलाबरा छिन्दवाडा थाना कोतवाली जिला छिन्दवाडा के कब्जे से अवैध आग्नेय शस्त्र एक पिस्टल, मैग्जीन एवं एक जिंदा कारतूस जप्त कर धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट पंजीबध्द किया गया एवं आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। दरअसल एस.एस. टी. नाका छिन्दवाडा नागपुर रोड ग्राम सर्रा में वाहन चैकिंग एवं आने जाने वाले संदिग्धों की चैकिंग के दौरान नागपुर की ओर से आ रही टैक्सी कार क्रमांक MP28C1552 कोरोका गया।

इस दौरान चैकिंग के दौरान व्यक्ति संदिग्ध हरकत करते पाये जाने पर उस व्यक्ति की तलाशी लेने पर उसव्यक्ति के कमर के पीछे दाहिने ओर पेन्ट में खोसे एक लोहे की देशी पिस्टल मिला जिसमें मैग्जीन लगी हुई है मैग्जीन मेंएक जिन्दा राऊण्ड (कारतूस) फसा हुआ मिला, आर्म्स के संबंध में वैद्य कागजात पूछने पर नही होना बताया।

आरोपी को पकड़ने में निरीक्षक उमेश कुमार गोल्हानी, उप निरीक्षक विनोद दाहिया, उप निरीक्षक जितेन्द्र यादव, , सउनि ब्रिजेश रघुवंशी, प्र.आर. 781 गोपाल पगारे, आर. 98 रविन्द्र ठाकुर, आर. 219 विकास बैस, आर. 857 शैलेन्द्र राजपूत, सायबर आर. आदित्य रघुवंशी, आर. नितिन ठाकुर की महत्वपूर्ण भूमिका रही है । जिन्हे पुलिस अधीक्षक महोदय छिंदवाडा द्वारा पुरूस्कृत किये जाने की घोषणा की गई है।

## कार्यकर्ताओं एवं पेज प्रभारी की बैठक

**छिंदवाड़ा :** चुनाव की तैयारी को लेकर छिंदवाड़ा नगर निगम क्षेत्र के वार्ड क्र. 44 एवं वार्ड क्र. 29 में वार्ड क्र भाजपा कार्यकर्ताओं, पेज प्रभारियों की बैठक भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष रोहित पोफली एवं मंडल उपाध्यक्ष पंकज पाटनी, अंत्योदय प्रकोष्ठ जिला संयोजक अरविंद राजपूत के मार्गदर्शन में संपन्न हुई । बैठक में चुनाव की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई एवं भाजपा को जिताने के लिए संकल्प लिया गया । इस अवसर पर युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष बिट्टू मंडराह, अंकित तिवारी, पूर्व पार्षद मीना सोमजी साहू, बबलू पराते, रवि मालवी, चंचलेश साहू, पप्पू गुप्ता, विनोद गढ़ेवाल, किशोर पटेल, मनीष गुप्ता, बीरबल साहू, अरविंद राजपूत, कुशल शुक्ला, नारायण साहू, देवेन्द्र गौतम, जय यदुवंशी, आशिष रिंदे, मनीष शर्मा, नीरसिंह साहू, मनोज सराठे, सिन्धकुमार करोसिया, मोहन पवार, अनिल सूर्यवंशी, सत्यनारायण निर्मलकर, शालिनी सिंह बघेल, सौरभ सूर्यवंशी, हिमांशु मौजूद रहे।

## जिला शिक्षा अधिकारी ने किया मतदान केन्द्रों में सुधार कार्य और मूल्यांकन कार्य का किया निरीक्षण



**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शीलेन्द्र सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी.एस.बघेल द्वारा आज जिले के विकासखंड परासिया के मतदान केन्द्रों में सुधार कार्य का निरीक्षण किया गया । उन्होंने कक्षा 5वीं, 8वीं, 9वीं व 11वीं के मूल्यांकन कार्य की समीक्षा भी की । जिला शिक्षा अधिकारी श्री बघेल ने बताया कि जिले के विकासखंड परासिया के कुछ मतदान केन्द्रों में सुधार कार्य पूर्ण हो गया हैं और कुछ मतदान केन्द्रों में सुधार कार्य प्रगति पर हैं जो जल्द ही पूर्ण हो जायेगा। उन्होंने कक्षा 5वीं, 8वीं, 9वीं व 11वीं के मूल्यांकन कार्य का भी निरीक्षण किया तथा मूल्यांकन कार्य की समीक्षा के दौरान मूल्यांकन में सभी शिक्षकों की समय पर उपस्थिति और देर तक मूल्यांकन कर शीघ्र मूल्यांकन कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये ।

## मतदान दलों को प्रशिक्षण देने मास्टर ट्रेनर्स को किया गया प्रशिक्षित

**छिन्दवाड़ा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए नियुक्त अधिकारियों/कर्मचारियों का प्रथम प्रशिक्षण 27 और 28 मार्च को संबंधित विधानसभा मुख्यालय में आयोजित किया गया है, जो विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स द्वारा दिया जाएगा। मतदान दलों को प्रशिक्षण देने के लिए विधानसभावार नियुक्त सभी 183 मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शीलेन्द्र सिंह की उपस्थिति में कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में दो पालियों में संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में एक ओर जहां कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ने मतदान दल को दिए जाने वाले प्रशिक्षण और हैंड्सऑन ट्रेनिंग के दौरान किन बातों पर विशेष ध्यान देना है, इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए आवश्यक मार्गदर्शन और दिशा निर्देश दिये, तो वहीं नेशनल लेवल मास्टर ट्रेनर डॉ.पी.एन.सनेसर और स्टेट लेवल मास्टर ट्रेनर श्री राजेन्द्र सिंह ठाकुर ने प्रॉक्सी वोट, टेस्ट वोट, मॉकपोल, पीठासीन अधिकारी की रिपोर्ट तैयार करना, मतदान समाप्ति पर की जाने वाली प्रक्रिया, मतदान समाप्ति एवं वापसी प्रक्रिया, मतपत्र लेखा तैयार करना आदि के संबंध में पीपीटी के माध्यम से विस्तृत प्रशिक्षण दिया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री पार्थ जैसवाल ने भी विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स से पिछले अनुभव साझा करते हुए आवश्यक मार्गदर्शन दिया। ट्रेनिंग में संयुक्त कलेक्टर श्रीमती अंकिता त्रिपाठी और सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य एवं नोडल अधिकारी प्रशिक्षण श्री सतेंद्र सिंह मरकाम भी मौजूद थे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ने कहा कि आप सभी विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर लोकसभा निर्वाचन 2024 संपन्न कराने वाले मतदान दलों को प्रशिक्षित करेंगे, जो बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है। निर्विघ्न एवं सुचारू निर्वाचन संपन्न होना प्रशिक्षण की गुणवत्ता पर निर्भर करता है, इसीलिए मतदान दलों को रुचिकर ढंग से नवाचार करते हुए और इंटेरेक्टिव प्रशिक्षण प्रदान करें। पिछले निर्वाचन के दौरान किन-किन प्रक्रियाओं में मतदान दलों को समस्याएं आईं थीं, उनमें हर तरह के डाउट दूर करते हुए उन्हें दक्ष करें। पीठासीन की डायरी का कोई भी कॉलम छूटना नहीं चाहिए, हर एक कॉलम को भरने की प्रक्रिया समझाएं। ईवीएम मशीन की हैंड्स ऑन ट्रेनिंग अधिक से अधिक दी जाए, कोई कन्फ्यूजन ना रहे। ईवीएम की त्रुटियां भी सही करना मतदान दल को सिखाएं।

# शासन के नियमों की खुलेआम उड़ाई जा रही धज्जियां



हरिभूमि न्यूज ⏭ जुन्नारदेव

जनपद पंचायत के जवाबदार अधिकारियों को जानकारी होने के बाद भी शासन के निर्देशों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है । दिनदहाड़े पुरैना खालसा पंचायत में मनरेगा से निर्माणाधीन तालाब में जेसीबी से काम कराया गया । क्षेत्र के कुछ लोगो ने रोजगार गारंटी के काम में जेसीबी मशीन का उपयोग की शिकायत जनपद के जिम्मेदार अधिकारियों को दी ।सूत्रों की माने तो इंजीनियर को सूचना देते ही निर्माण स्थल से जेसीबी मशीन हटा ली गयी ।काम नही हुआ और मजदूरी की राशि खत्म ।पुरैना खालसा में निर्माणाधीन तालाब के बारे में पता चला है कि यहाँ तालाब निर्माण में मजदूरी की राशि पूरी तरह खत्म हो चुकी है। और काम कुछ भी नही हो सका। अब पंचायत के लोग मशीन से काम करवा कर मजदूरी को मेन्टेन करने की कोशिश कर रहे है। पता यह भी चला है ऐसा जनपद की अधिकतर पंचायतो में चल रहा है।पंचायते एजेंसी होती है लेकिन पंचायतो में होने वाले कामों को सत्ता और संगठन की धौंस के दम पर हथिया लिया जाता है । मस्टर रोल पर मजदूरी का जमकर फर्जीवाड़ा किया जाता है ।बाद में मशीन से काम करवा कर लीपापोती कर दी जाती है ।

# डीईओ ने किया छात्रावासों का निरीक्षण

**अमरवाड़ा में मतदान केंद्रों का जायजा लेकर दिए सफाई के निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शीलेन्द्र सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में जिला शिक्षा अधिकारी जी.एस.बघेल और सहायक संचालक शिक्षा श्री डी.पी.डेहरिया द्वारा गत दिवस लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत जिले के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र अमरवाड़ा के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरवाडा में बनाये गये 3 मतदान केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया और मतदान केन्द्र की साफ-सफाई व अन्य व्यवस्था के लिये निर्देशित किया गया। साथ ही इस विद्यालय के मूल्यांकन केन्द्र का भी आकस्मिक निरीक्षण किया गया ।

जिला शिक्षा अधिकारी श्री बघेल ने बताया कि निरीक्षण के दौरान शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरवाड़ा में कक्षा 5वीं व कक्षा 8वीं के विकासखण्ड स्तरीय मूल्यांकन के लिये कक्षा 5वीं की प्राप्त 10584 और कक्षा 8वीं की प्राप्त 16638 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन विकासखण्ड के 215 मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा किया जाना पाया गया। राज्य शिक्षा केन्द्र के निर्देशानुसार विद्यालय में विषयवार बनाये गये 10 मुख्य परीक्षकों द्वारा मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं में से 5 प्रतिशत उत्तर पुस्तिकाओं की पुनः जाँच की जा रही है और 85 प्रतिशत मूल्यांकन करने के बाद पोर्टल पर 78 प्रतिशत प्रविष्टि की जा चुकी है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय में कक्षा 9वीं व कक्षा 11 वी की स्थानीय परीक्षा के मूल्यांकन कार्य का भी निरीक्षण किया जिसमें पाया गया कि संकुल स्तरीय मूल्यांकन केन्द्र को प्राप्त 9वीं की 3910 और 11वीं की प्राप्त 2565 उत्तरपुस्तिकाओं में से कक्षा 9वी का 90 प्रतिशत और कक्षा 11वीं का 81 प्रतिशत मूल्यांकन कार्य पूर्ण हो चुका है। उन्होंने विद्यालय की अन्य व्यवस्थाओं के साथ ही कल्पना चावला वाटिका, मॉडल स्कूल के बालक व बालिका छात्रवास और कस्तूरबा गांधी छात्रवास का भी निरीक्षण किया।

# लापरवाही बरतने पर 2 अधिकारियों को दिया नोटिस

**निर्वाचन कार्य में बरती लापरवाही, भुगतना पड़ा खामियाजा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी छिंदवाड़ा श्री शीलेन्द्र सिंह द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार स्थैतिक निगरानी दल के सदस्य के रूप में नियुक्त 2 अधिकारियों जनपद पंचायत छिंदवाड़ा के सहायक विकास विस्तार अधिकारी श्री संजय नारनवरे और कृषि उपज मंडी छिंदवाड़ा के सहायक उप निरीक्षक श्री आकाश जायसवाल द्वारा सौंपे गये दायित्वों के निर्वहन में घोर लापरवाही बरतते हुये सोते हुये पाये जाने पर यह कृत्य अपने दायित्वों के प्रति गंभीर उदासीनता का द्योतक होने और आचरण नियमों के विपरीत होकर कदाचरण की श्रेणी में आने पर दोनों अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर 3 दिवस के भीतर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं । समयावधि में स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होने पर संबंधित अधिकारी के विरूध्द लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के प्रावधानों के अंतर्गत आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी छिंदवाड़ा और पुलिस अधीक्षक द्वारा गत दिवस संयुक्त भ्रमण/निरीक्षण के दौरान कुलबेहरा नदी नागपुर रोड इमलीखेड़ा चौक छिंदवाड़ा स्थित सर्रा बेरियर में दोनों अधिकारी बेरियर से गुजरने वाले सभी वाहनों की चेकिंग नहीं करते हुये और सौंपे गये दायित्वों के निर्वहन में घोर लापरवाही बरतते हुये सोते हुये पाये गये थे ।

### फ्लाइंग स्क्वॉड टीम ने जब्त की शराब

**सीताडोंगरी व कुंआबादला के ढाबे से की गई मदिरा बॉटलों की जप्ती**

छिन्दवाड़ा/ 23 मार्च 2024/ कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शीलेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन के अंतर्गत फ्लाइंग स्क्वॉड टीम द्वारा आकस्मिक निरीक्षण कर निर्वाचन संबंधी गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। इसी क्रम में फ्लाइंग स्क्वॉड टीम तामिया द्वारा थाना तामिया और चौकी देलाखारी के साथ संयुक्त औचक निरीक्षण किया गया तथा ग्राम सीताडोंगरी व कुंआबादला के ढाबे से 94 देशी प्लेन, 56 मशाला, 10 रम, 9 रूसी पाव और 15 बीयर बॉटल जब्त की।

## पी.एम.जी.के.ए.वाय. की कमीशन राशन विक्रेताओं को आज तक नहीं किया भुगतान

**दमुआ।** प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना 2020 जून से प्रारंभ की गई थी देश में गरीब परिवार के लोगों को सरकार की ओर से निशुल्क राशन प्रदान किया गया और मध्य प्रदेश शासन ने निर्देशित किया था कि आदिम जाति सेवा सहकारी समिति दुकान के राशन विक्रेताओं को कमीशन के आधार पर उनका मानदेय बनाकर दिया जाएगा परंतु आज की तारीख तक उन राशन विक्रेताओं को पी.एम.जी.के.ए.वाय की योजना का कमीशन भुगतान नहीं किया गया है जो की यह योजना जनवरी 2023 तक संचालित की गई थी जिसका कमीशन राशन विक्रेताओं को अभी तक प्रदान नहीं किया गया है जबकि शासन के स्पष्ट दिशा निर्देश थे कि निशुल्क राशन वितरण करने पर राशन विक्रेताओं के खाते में कमीशन डाला जाएगा परंतु आज तक राशन विक्रेताओं का कमीशन नहीं डाला गया है उन्होंने मध्य प्रदेश शासन एवं प्रशासक सहित आदिम जाति सेवा सहकारी विभाग के उच्च अधिकारियों से शीघ्र ही कमीशन का भुगतान किए जाने की बात कही है।

## परिवहन विभाग के जांच दल ने नागपुर-पांढुर्णा मार्ग में की वाहनों की जांच

# परिवहन विभाग ने 9 वाहनों से वसूला 11500 रूपए का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



परिवहन आयुक्त ग्वालियर और कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी छिंदवाड़ा श्री शीलेन्द्र सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में लोकसभा निर्वाचन-2024 की आदर्श आचरण संहिता लागू होते ही अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी छिंदवाड़ा द्वारा सभी छोटे-बड़े घरेलू उपयोग के वाहन स्वामियों व सभी व्यावसायिक वाहन संचालकों को हूटर, सायरन, बैनर, स्लोगन, पदनाम नेम प्लेट को तत्काल हटाने संबंधी विशेष निर्देश दिये गये है। इस संबंध में परिवहन विभाग छिंदवाड़ा के विशेष जांच दल द्वारा कार्यवाही की जा रही है और सभी व्यावसायिक वाहन स्वामियों व वाहन चालकों को निर्देशित किया गया है कि यदि वाहनों में किसी भी राजनैतिक दल से संबंधित किसी भी प्रकार के स्लोगन, फोटो, बैनर इत्यादि लगाये गये हों तो उसे तत्काल हटा दें। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री मनोज तेहनगुरिया ने बताया कि परिवहन जांच दल द्वारा आज नागपुर-पांढुर्णा मार्ग पर वाहनों की सघन जाँच की गई जिसमें बिना एच.एस.आर.पी.नम्बर प्लेटों की जांच का कार्य प्रमुखता से कर कार्यवाही की गई। जांच के दौरान परिवहन जांच दल द्वारा सवारी बसों, ऑटो रिक्शा और सभी प्रकार के यात्री वाहनों सहित अन्य सभी छोटे-बड़े वाहनों की फिटनेस संबंधी बारीकी से जाँच की गई। इसमें वाहनों के सभी दस्तावेजों की जाँच की गई जिसमें वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र, वाहन चालक के पास वाहन के अनुसार योग्य व वैध लाइसेंस की जाँच और वाहनों में सुरक्षा संबंधी उपकरण जैसे अग्नि शमन यंत्र, फर्स्ट एड बॉक्स, आपातकालीन द्वार, वाहनों की परिस्थिति चलने योग्य है या नहीं आदि ऐसे सभी बिन्दुओं पर सूक्ष्मता से जाँच की गईं। उन्होंने बताया कि वाहनों की चैकिंग की जानकारी लगने पर वाहन चालकों में हड़कंप मच गई और उन्होंने अपने रास्ते को बदल लिया। इस दौरान जिन वाहन संचालकों द्वारा मोटरयान अधिनियमों का उल्लंघन करने और वाहनों में हाई सिक्यूरिटी नंबर प्लेट नहीं लगाने पर ऐसे वाहनों पर तत्काल चालानी कार्यवाही करते हुये 9 वाहनों 11500 रूपये का जुर्माना लिया गया जिसमें हाई सिक्यूरिटी नंबर प्लेट नहीं लगाने पर 3 वाहनों पर चालानी कार्यवाही से 1500 रूपये का लिया गया जुर्माना शामिल है ।

### पीजी कॉलेज में यूपीएससी परीक्षा की तैयारी पर कार्यशाला आयोजित

# विफलता की आंधियों में सफलता के बीजारोपण होते हैं: प्रो. पटवारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छिंदवाड़ा



पीजी कॉलेज छिंदवाड़ा के स्वामी विवेकानन्द कैरियर मार्गदर्शन विभाग द्वारा यूपीएससी परीक्षा पास करने की चुनौतियों पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता नागपुर विश्वविद्यालय के लोक प्रशासन विषय के विभागाध्यक्ष प्रो. जितेंद्र वासनिक ने सभाकश में उपस्थित विभिन्न स्पर्धाओं की तैयारी कर रहे छात्रों को आगाह करते हुए कहा कि गिरने से डरने वाले कभी भी शिखर फतह नहीं करते हैं।

स्पर्धात्मक पास करने के लिए पत्थर को पानी बनाने सम प्रयास करना होता है। विचारों की शक्ति का कोई सीमित दायरा नहीं होता है। अनर्थ बीते कल की ग्लानि नहीं, वर्तमान में जीने की जिजीविषा जीत दिलाती है। प्राचार्य प्रो. लक्ष्मीचंद ने कहा कि स्पर्धा तैयारी की नींव उसूलों पर खड़ी हो, न कि खोखली शोहरत पर टिके। आत्मानुशासन अहमियत बढ़ाता है, लक्ष्य प्राप्ति की लगन, संकल्प व फोकस व्यक्ति को पारदर्शी तरीके से लक्ष्यगामी बनाते हैं। प्रो. अमर सिंह ने कहा कि हालातों से उपजी स्थिति से समझौते नहीं, परिस्थिति को अपने पक्ष में करने की कुव्वत रखने वाले बाजी मार जाते हैं। निडरता लक्ष्य से भटकने नहीं देती है। जीवन में संकट वीरपुरुषों को परखने आते हैं। विलासी स्पर्धात्मक कौशल में माहिर नहीं होते हैं। कोशिशों को विराम न देना आलस्य से दूर रखता है। ऐसी कोई जिद नहीं होती है, जिसको इनाम नहीं मिलता है। सृष्टि के कार्यक्षेत्र में आत्मनियंत्रण, एकाग्रता व निष्ठा की परीक्षा होती है। इस अवसर पर प्रो. टीकमणी पटवारी ने कहा कि विफलता की आंधियों में सफलता के बीजारोपण होते हैं। जब आंखों में अरमान पाल लो तो न तो कुछ मुश्किल होता है, और न आसान। कुछ कर दिखाने वाले बहानों की आड़ नहीं लेते हैं।

संभागीय नोडल अधिकारी प्रो. पी.एन. सनेसर ने कहा कि संघर्षों की भट्टी मकी हदों में पके बिना कोई भी बेहद औलिया, पीर या फकीर नहीं बनता है।अनावश्यक को छोड़े और आवश्यक को किए बिना कोई भी महान नहीं बना है। प्रो. महेंद्र साहू ने कहा कि हर सफल छात्र अपने से पूर्व के इतिहास को छोड़कर स्वयं का इतिहास रचता है। हर प्रतियोगी अपनी निजता को उत्कृष्टता के नवीन आयाम दिए बिना सफलता की कल्पना भी नहीं कर सकता है।

## जीवन के अंतिम क्षण तक धम्म व अम्बेडकरी मिशन को समर्पित रहूंगा: डॉ.चंद्रबोधि पाटील

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छिंदवाड़ा

भारतीय बौद्ध महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ट्रस्टी चेयरमैन डॉ.चंद्रबोधि पाटील का 75 वा जन्मदिन अमृत महोत्सव समारोह जहां डॉ आंबेडकर द्वारा 14 अक्टूबर 1956 को 5 लाख से अधिक अनुयायियों को नागपुर की दीक्षाभूमि पर बौद्ध धम्म की दीक्षा दी गई थी उसी दीक्षाभूमि स्थित डॉ.अम्बेडकर ऑडिटोरियम हॉल में देश भर से आये बुद्धिजीवियों,प्रतिनिधियों की उपस्थिति में भव्यता के साथ संपन्न हुआ । समारोह की अध्यक्षता सुप्रसिद्ध अम्बेडकरी चिंतक एड गुरुप्रसाद मदन प्रयागराज ने की। भारतीय बौद्ध महासभा मध्यप्रदेश इकाई के उपाध्यक्ष एड.रमेश लोखंडे ने बताया कि, गरिमामय समारोह में भारत सरकार के सामाजिक न्याय राज्यमंत्री रामदास आठवले ,पूर्व सांसद प्राध्यापक जोगेंद्र कवाडे सर ,पूज्य भदन्त नागदीपंकर महाथेरो,भंते नागसेन ,कर्नाटक प्रदेश अध्यक्ष वेंकट स्वामी,शंकरराव ढेंगरे राष्ट्रीय महासचिव ,धम्मरतन सोमकुंवर राष्ट्रीय ट्रस्टी कोषाध्यक्ष ,राजन वाघमारे,मनोहर दुफारे, प्रो.सविता काम्बले,घनश्याम चिरणकर , राष्ट्रीय सचिव बी.टी.गजभिये, एड भीमराव कामले ,अनिल कुमार मेश्राम , डॉ सत्यजीत मौर्य , प्रकाश बंसोड़ ,राजकुमार वंजारी ,दुर्वास चौधरी ,रमा वासनिक ,प्रकाश लांझेवार,मिलिंद डांगे,अल्का चौकीकर ,एन एम कामले ,मनोज मानिक,अशोक पाटिल ,हरिदास बेलेकर ,चंद्रशेखर सोनागोते,मृणालिनी दहीबड़े, कल्पना मेश्राम,वर्षा सहारे, मध्यप्रदेश ईकाई अध्यक्ष सी.एल.बौद्ध,प्रदेश महासचिव चिंतामन पगारे, प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक असैय्या,रमाशंकर आवलेकर, प्रदेश सचिव सिद्धार्थ गौतम ,पंकज उइके, तहसील अध्यक्ष एड.नरेश कडबे,नरेंद्र सोमकुंवर,सोनू बागडे, भोपाल ,छिंदवाड़ा आदि मौजूद रहे।

## लोकसभा चुनाव को लेकर हुई संगठनात्मक बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छिंदवाड़ा

सौसर लोकसभा चुनाव को लेकर शनिवार को नगर भाजपा मंडल की ओर से भाजपा कार्यालय सौसर में संगठात्मक बैठक रखी गई जिसमें प्रमुख रूप से मुख्य अतिथि पूर्व संगठन मंत्री आसुतोष तिवारी , सौसर विधानसभा विस्तारक राहुल देव ठाकरे,पूर्व मंत्री नानाभाऊ मोहोड़ विशेष रूप से उपस्थित हुये । बैठक में लाभार्थी संपर्क अभियान एवं बूथ विजयी अभियान को लेकर समीक्षा की ।आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर विस्तार से चर्चा की तथा बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं को वोट प्रतिशत बढ़ाने पर भी चर्चा की ,बैठक का संचालन मंडल अध्यक्ष दर्शन झाड़े के द्वारा किया गया, बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेता व जिला पंचायत सदस्य संदीप भाऊ मोहोड़,अधिवक्ता हरीश बत्रा,मोरेश्वर मसकोले , पूर्व जिला अध्यक्ष राजु परमार , जिला महामंत्री राहुल मोहोड , किसान मोर्चा के अध्यक्ष नारायण टेंबे, पिछड़ा मोर्चा के अध्यक्ष परसराम राणे,पूर्व जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती उषा भमोरे , सौसर पूर्व पार्षद व महामंत्री राजीव जायसवाल, मंडल महामंत्री नरेंद्र कुकडे , मंडल मंत्री गोलु वाडेकर आदि मौजूद रहे।

### चौरई एवं जुन्नारदेव विधानसभा प्रभारी एवं सहप्रभारी नियुक्त

**अमरवाडा।** कार्यवाहक भाजपा जिला अध्यक्ष शेषराव यादव ने लोकसभा चुनाव में कार्य की दृष्टि से चौरई विधानसभा प्रभारी संजय पटेल एवं सहप्रभारी अलकेश साव को तथा जुन्नारदेव विधानसभा प्रभारी राजू नरोटे एवं सहप्रभारी राजेश दारा जुनेजा को नियुक्त किया गया है । सभी भाजपा नेता विधानसभा क्षेत्र में सक्रिय रहकर लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की विजय सुनिश्चित करेंगे ।

### लोकसभा चुनाव के लिए अमरवाड़ा विधानसभा में भाजपा मंडल प्रभारी किए नियुक्त

**अमरवाड़ा।** भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रभारी संतोष पारीक, कार्यवाहक जिला अध्यक्ष शेषराव यादव, लोकसभा प्रभारी नरेश दिवाकर एवं लोकसभा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू की सहमति से लोकसभा चुनाव में कार्य की दृष्टि से सुश्री मोनिका बट्टी को बटकाखापा एवं छिंदी मंडल प्रभारी, उत्तम ठाकुर को अमरवाड़ा नगर मंडल एवं सुरलाखापा मंडल प्रभारी, श्रीमती कामिनी शाह को हर्रई मंडल प्रभारी, टीकाराम चंद्रवंशी को अमरवाड़ा ग्रामीण मंडल प्रभारी एवं नारायण सिंह बंजारा को सिंगोडी मंडल प्रभारी बनाया गया है । भाजपा विधानसभा चुनाव प्रभारी नितिन तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि उपरोक्तनुसार सभी भाजपा नेता अपने क्षेत्र में सक्रिय रहकर लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की विजय सुनिश्चित करेंगे ।



## बिछुआ महाविद्यालय में विश्व वानिकी दिवस मनाया

**बिछुआ।** पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम इको क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में शासकीय महाविद्यालय बिछुआ में विश्व वानिकी दिवस का आयोजन प्राचार्य डॉ आर पी यादव के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ । इको क्लब प्रभारी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ नवीन कुमार चौरसिया ने विद्यार्थियों को 21 मार्च को अंतरराष्ट्रीय वानकी दिवस के रूप में मनाया जाता है इसका उद्देश्य पर्यावरण में पेड़ों के महत्व और वनों के पारिस्थितिक महत्व के बारे में विस्तार से बताया ।विद्यार्थियों में जागरूकता लाने के लिए जंगल पृथ्वी पर जीवन के लिए महत्वपूर्ण होते हैं और सबसे आवश्यक ऑक्सीजन के उत्पादन के अलावा यह कई पर्यावरणीय सेवाओं के लिए भी जरूरी है जिनके कारण पृथ्वी पर जीवन संभव होता है इस अवसर पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक श्री सूर्यकांत शुक्ला ने जानकारी में बताया कि वानिकी दिवस की थीम फॉरेस्ट एंड इनोवेशन रखी गई है अर्थात वन एवं नवीनीकरण। साथी प्राणी शास्त्र विभाग से शिवानी सोनी ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को पेड़ पौधों को संरक्षित करने के लिए आह्वान किया। छात्र सपना बिंझाड़े ने भी विश्व वानिकी दिवस पर अपने विचार व्यक्त किये। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के इको क्लब एवं एनएसएस के विद्यार्थियों का सराहनीय योगदान रहा।

## स्वीप जागरूकता के लिए कॉलेज में हुई मेहंदी प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पांढुर्णा



भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर यहां के शासकीय विज्ञान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डी. एस. बिसेन के मार्गदर्शन में मतदाताओं से आगे बढ़कर मतदान कराने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशों के परिपालन में स्वीप गतिविधियों के तहत कार्यक्रम संपन्न हुआ। आज ई एल सी क्लब के छात्र-छात्राओं द्वारा अपने हाथों पर मतदान संबंधी मेहंदी उतार कर मतदाता जागृति तथा मतदान करने का संदेश दिया गया । मतदान हेतु जन जागृति तथा मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं अभियान को अपने गांव तथा कस्बो में भी यह अभियान चलाकर मतदाताओं को मतदान का संदेश दे रहे हैं। आज की मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कुमारी शीतल काम्बे, द्वितीय स्थान आरती महोबे, तृतीय स्थान कुमारी ब्राह्मणी इरपाची, सोनाली कुमरे तथा तृतीय स्थान कुमारी पूनम ढोबले ने प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में डॉ. शहनाज खान, रा.से.यों. कार्यक्रम अधिकारी छात्रा इकाई डॉ. ललिता धुर्वे, रा.से.यो. कार्यक्रम अधिकारी छात्र इकाई प्रो गणेश कुमार तुमडाम, प्रो. मनोज कुमार धुर्वे, प्रो पंजाब सिंह, भोजराज कराले, डॉ. वंदना खंडाते, पूजा भूते, सयाली पराते, कैंपस एंबेसडर दुर्गेश जुमडे, कुमारी पल्लवी घाटोडे तथा रा.से.यो. स्वयंसेवकों में कुमारी अपर्ना उईके, शीतल कोकोड़े, पूजा महोबे, साक्षी भांगे, योगेश्वरी पराड़कर, भाविका झाडे , पल्लवी बेलखडे, गुंजन पवार, पूजा धुर्वे, छाया सोनवाने, अर्चना उईके, रेशमा भलावी, आरती डेहरिया, सोनाली कुमरे, श्रद्धा दलवी, मोनी कारेमोरे, हेमलता जवंजाल, माधुरी हजारे, जितेन बिंझाड़े , अमन चंदेल, कामेश भादे, उज्वल मदनकर, मोहित हजारे आदि का सहयोग रहा।

## स्वीप गतिविधि अंतर्गत कृषक सम्मेलन का आयोजन कर दिलाई गई मतदान की शपथ



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गिरीश मिश्रा, जिला स्वीप नोडल अधिकारी/मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बालाघाट एस रणदा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी दीक्षा जैन जनपद पंचायत वारासिवनी के मार्गदर्शन में 23 मार्च 2024 को स्वीप गतिविधी अंतर्गत कृषक सम्मेलन का आयोजन विकासखण्ड वारासिवनी ब्लॉक स्तर में एवम् ब्लॉक की सभी ग्राम पंचायतों में किया गया। इस सम्मेलन में कृषक भाई, बहनें, सचिव, जीआरएस, कृषि विस्तार अधिकारी, सहायक विकास खंड प्रबंधक, स्वीप सहायक नोडल, समग्र सामाजिक सुरक्षा विस्तार अधिकारी, ब्लॉक समन्वयक पीएमवायजी, स्व सहायता समूह के सदस्य उपस्थित हुए। जिसमें कृषक भाई-बहनों को लोकसभा चुनाव 2024 में अपने मत के अधिकार का उपयोग करने हेतु शपथ दिलाई गई एवम् राष्ट्र के इस महापर्व में अपने मताधिकार का उपयोग कर शत प्रतिशत मतदान

## सेन नाई समाज ब्लॉक लांजी की जनरल बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज लांजी।



सेन नाई समाज लांजी आज दिनांक को समाज के संरक्षक मंडल, एवम समस्त पदाधिकारियों के साथ आगामी होली पर्व तथा समाज के हित व दायित्व तथा अन्य विशेष चर्चाओं को लेकर बैठक की गई । दिनांक 23 /3 /24 दिन शनिवार को समाज ब्लॉक लांजी की जनरल बैठक रखी गई थी। बैठक के अध्यक्ष श्री नंदकिशोर जुझार, संरक्षण मंडल सदस्य की अध्यक्षता में बैठक संपन्न करवाई गई। संतोष श्रीवास ब्लॉक अध्यक्ष की उपस्थिति में एवं समाज के समस्त पदाधिकारी की उपस्थिति में निम्नलिखित बिंदुओं पर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया जिसमे होली मिलन समारोह शनिवार दिनांक 30 3.24 को स्थान काली मंदिर लांजी में होली मिलन समारोह रखना निश्चित किया गया हैं। समाज के वरिष्ठ बुजुर्ग का श्रीफल से जिला अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों बालाघाट के द्वारा सम्मानित किया जावेगा। उक्त प्रस्ताव सर्वसम्मति से प पारित किया गया ।समाज ब्लॉक लांजी के सेक्टर प्रभारी ग्रामीण अध्यक्ष की नियुक्ति सर्वसम्मति से की गई जिसमे रवि भारद्वाज पिता छन्नू लाल भारद्वाज ग्राम टेमनी भानेगांव सेक्टर प्रभारी, जगदीश जामबूरकर मनेरी, प्रभारी गोविंदा खुरंगे बहेला सेक्टर प्रभारी, संजय भारद्वाज भूसा डोंगरी, भवानी नंदनवार साडरा प्रभारी, कमलेश शांडिल्य सेक्टर प्रभारी बेलगांव लोडामा, नेवारवाही सेक्टर प्रभारी प्रभु दयाल शांडिल्य को नियुक्त किया गया एवं ग्रामीण समिति तत्काल निर्माण कर समाज में प्रस्तुत करवाने प्रस्ताव रखे गए। वार्ड नंबर 5 काली मंदिर के पास से नाई समाज की प्रस्तावित भूमि समाजीक भवन हेतु सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। सेन जयंती भव्य रूप से मनाने का विचार विमर्श किया गया। बैठाक में ब्लॉक अध्यक्ष संतोष श्रीवास, संरक्षक मंडल के सदस्य एवं अध्यक्ष नंदकिशोर जुझार, बाबूलाल भारद्वाज, महेश लांजेवार, राकेश श्रीवास, नरेश श्रीवास, तेजलाल भारद्वाज, संजय भारद्वाज, कमलेश शांडिल्य, रवि भारद्वाज, भवानी नंदनवाल, सतीश श्रीवास, निरंजन सेन सचिव अन्य सदस्य उपस्थित रहे तथा ब्लॉक अध्यक्ष संतोष श्रीवास ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### स्वीप गतिविधि अंतर्गत कृषक सम्मेलन का आयोजन कर दिलाई गई मतदान की शपथ

**बालाघाट।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, जिला स्वीप नोडल अधिकारी व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिपं श्री डीएस रणदा के मार्गदर्शन में शनिवार को स्वीप गतिविधी का आयोजन विकासखण्ड स्तर पर किया गया। जिसके अंतर्गत कार्यपालन अधिकारी सुश्री दीक्षा जैन जपं वारासिवनी के मार्गदर्शन में शनिवार को स्वीप गतिविधी अंतर्गत कृषक सम्मेलन का आयोजन विकासखण्ड वारासिवनी ब्लॉक स्तर में एवम ब्लॉक की सभी ग्राम पंचायतो में किया गया जिसमें कृषक भाई, बहने, सचिव, जीआरएस, कृषि विस्तार अधिकारी, सहायक विकास खंड प्रबंधक, स्वीप सहायक नोडल समग्र सामाजिक सुरक्षा विस्तार अधिकारी, ब्लॉक समन्वयक पीएमवायजी, स्व सहायता समूह के सदस्य उपस्थित हुए।

## ग्राम पंचायत सिंगोड़ी में विधिक जागरूकता शिविर सम्पन्न



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत सिंगोड़ी में सुधीरसिंह ठाकुर प्रथम अपर जिला न्यायाधीश की अध्यक्षता में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री ठाकुर ने शिविर में उपस्थित ग्रामवासियों को बताया कि महिलाओं, बच्चों, गरीबों व कमजोर वर्ग के लोगों को निःशुल्क विधिक सहायता एवं अधिकार प्रदान किया गया है। भारत के संविधान में जीवन या व्यक्तिगत स्वतंत्रता के संबंध में विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया अपनाकर ही कार्रवाई का अधिकार है। इस अधिकार के तहत गरीब तबके के लोगों को गिरफ्तारी की दशा में अपनी पसंद के अधिवक्ता से सलाह प्राप्त करना एवं गिरफ्तारी के 24 घण्टे में मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत करने का प्रावधान है। उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि महिलाएं, 18 साल तक के बच्चे,अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग, जातीय हिंसा, बाढ़ पीड़ित, औद्योगिक कामगार, मानसिक रूप से अक्षम या दिव्यांग लोग मुफ्त विधिक सहायता के हकदार हैं। ऐसे लोगों को सरकार अपने खर्च पर अधिवक्ता की सेवाएं उपलब्ध कराती हैं। शिविर में ग्राम पंचायत सरपंच एमकला बोपचे, सचिव गोपीचंद चौधरी, प्रभा सहारे, भूतपूर्व सरपंच देवनाथ बोपचे, श्रीराम राहंगडाले, थानसिंह बिसेन सहित लगभग 25-30 ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### मतदान में सक्रिय भूमिका निभाने का लिया संकल्प

## हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से दिया गया मतदाता जागरूकता का संदेश



हरिभूमि न्यूज लांजी।

शासकीय महाविद्यालय लांजी द्वारा 23 मार्च को रासेयो कार्यक्रम अधिकारी एवं ईएलसी नोडल प्रो कांता वर्मा के संरक्षण में मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत हस्ताक्षर अभियान,सेल्फी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी क्रम में नव मतदाताओं को अनुविभागीय अधिकारी श्री प्रदीप कौरव द्वारा मतदाता प्रक्रिया के बारे में समझाया गया। हस्ताक्षर अभियान के इस कार्यक्रम में नवीन मतदाताओं ने डमी मतदान प्रक्रिया को भी सीखा।

मौके पर छात्र छात्राओं व शिक्षक-शिक्षिकाओं को ईवीएम वीवीपैट का प्रशिक्षण दिया गया। चुनाव में ईवीएम/वीवीपैट की उपयोगिता को दर्शाते हुए आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई गई और उन्हें सजग मतदाता के रूप में सामने आने की अपील की गई।

उपस्थित छात्र छात्राओं व शिक्षक-शिक्षिकाओं ने लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। साथ ही उन्होंने एक जागरूक मतदाता के रूप में अपने क्षेत्र के लोगों को मतदान के प्रति सक्रिय 2ष्टिकोण अपनाने हेतु आगे आने का भरोसा दिया

### मतदाता जागरूकता रैली निकाल कर अभियान का किया शुभारंभ

**वारासिवनी।** जन अभियान परिषद के अंतर्गत नवांकुर संस्था कैरियर शिक्षा समिति द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकालकर अभियान का शुभारंभ किया गया। जागरूकता रैली कैरियर हायर सेकेण्डरी स्कूल से प्राचार्य संचालक निरंजन बिसेन के निर्देशन में निकाली गई। जो वार्ड क्र.1, 2 सम्राट नगर, शंकर नगर, ग्राम सिकन्द्रा के प्रमुख मार्गो से गुजरते हुए पुनः कैरियर स्कूल पहुंच कर समाप्त हो गई। उल्लेखनीय है कि छात्र छात्राओं द्वारा अभियान के अंतर्गत घर-घर जाकर मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस रैली तथा अभियान में स्कूल के वरिष्ठ व्याख्याता राकेश कुमार मिश्रा, श्रीमती अनीता मिश्रा, डी. पी. चैतगुरू, यू.के.कटरे, प्रशांत धार्मिक, देवसिंह ठाकुर सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं श्रीमती ज्योति बिसेन, ज्योति बाला बोपचे, ममता सोनकुसरे, कु. भारती डोगरें, साधना बंसोड़ सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाएँ एवं छात्र छात्राएँ सम्मिलित रहे।

## पर्वो को लेकर थाने में हुई शांति समिति की बैठक सम्पन्न



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** मार्च-अप्रैल 2024 में आने वाले विभिन्न पर्वो व त्यौहारों में वारासिवनी नगर व क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए नागरिकों का सहयोग व उनकी सलाह लेने के उद्देश्य से पुलिस थाना वारासिवनी में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। लेकिन इस बैठक में मात्र चंद लोग ही उपस्थित हुए। बैठक में वारासिवनी नगर के विभिन्न समाज के प्रतिष्ठित नागरिकगण, जनप्रतिनिधिगण, मीडियाकर्मी सहित समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे। बैठक में आने वाले पर्व होली, चल रहे रमजान माह, आंबेडकर जयंती, ईद आदि पर्वो के दौरान नगर व क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने और भाईचारे के साथ पर्वो व त्यौहारों को मनाने के बारे में नागरिकों के सुझाव लिए गए। बैठक में नागरिकों ने चौराहों में पुलिस कर्मी की ड्यूटी लगाने, शोर करने वाले शोहदों पर अंकुश लगाने, जोर जोर से बजने वाले डीजे सहित त्यौहारों में हुडदंग करने वाले युवकों पर रोक लगाने की सलाह दी। जिस पर नगर निरीक्षक वी वी टांडिया ने नागरिकों की सलाह पर अमल करने का आश्वासन दिया। बैठक में मुस्लिम समाज के सदर इकबाल खान, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष दीप चौहान, समी खान, दीपक जैन, गणेश सिंह ठाकुर, विवेक एड़े, प्रणय वासनिक, लोकेश ठाकरे सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## नन्हें रोजेदार कर रहे अल्लाह की इबादत



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** रमजान के इस पाक माह में नन्हे रोजेदार भूखे-प्यासे रह कर अल्लाह की इबादत करते हुए देखे जा रहे है. रमजान में बड़ों के साथ छोटे बच्चे भी रोजा रखकर खुदा की इबादत में पीछे नहीं है. यह मासूम रोजा रखकर पांच वक्त का नमाज अदा कर खुदा के आगे सजदा कर रहे हैं. सेहरी और इफ्तार भी समय पर कर रहे हैं. कटंगी शहरी क्षेत्र में दर्जनों ऐसे बच्चे हैं, जिन्होंने पहली बार रोजा रख नियम का पालन भी कर रहे हैं. इन्हीं बच्चों में 04 साल का मोईन और माहिरा मेमन भी शामिल है. ये भूखे-प्यासे रहकर अल्लाह की इबादत कर रहे हैं. इनके अभिभावक कहते हैं कि रहमत और बरकत का महीना माह-ए- रमजान में बच्चों को रोजा रखते देखना काफी खुशियों से भरा क्षण होता है।

## वार्ड क्रमांक 03 युवा चौपाल 400 पे चर्चा का हुआ



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** भारतीय जनता पार्टी मिशन 2024 लोकसभा चुनाव को दृष्टिकोण रखते हुए भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में जोड़ने के लिए बूथ कनेक्ट युवा चौपाल 400 पे चर्चा कार्यक्रम चला रही है. जिसके तहत नव मतदाताओं को जागृत करने का काम किया जा रहा है. शनिवार को नगर के वार्ड क्रमांक 03 में युवा चौपाल का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष वैभव पंवार, विधायक गौरव सिंह पारधी, नगर परिषद अध्यक्ष योगेंद्र ठाकुर, आंनद कोछड़, पवन राणा, भाजयुमो ब्लॉक अध्यक्ष प्रियांश राउत, पूर्व जिला पंचायत सदस्य चम्मुलाल उइके सहित भाजपा के तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे. इस मौके पर विधायक गौरव सिंह पारधी ने कहा कि आपस के तमाम मतभेदों को भूलाकर इस चुनाव को लड़ना है. भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार ने भाजपा सरकार की योजनाओं की जानकारी दी. उन्होंने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो महिला, किसान, गरीब सभी के कल्याण के लिए काम करती है. उन्होंने चौपाल लगाकर योजनाओं के बारे में बताया और एक बार फिर से केंद्र में भाजपा की मजबूत सरकार बनाने का आह्वान किया।

## खबर संक्षेप

### धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण रुक्मणी विवाह

**सिवनी/** महाकालेश्वर सिवनी में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा राम कथा एवं सामूहिक रुद्राभिषेक का भव्य आयोजन दिनांक 17 मार्च से संचालित हो रहा है जिसमें आज राम की पावन कथा सहित परम मोक्ष दायिनी श्रीमद् भागवत कथा में रुक्मणी श्री कृष्ण का दिव्य विवाह महोत्सव ग्रामवासी नगर वासियों ने बड़े धूमधाम के साथ मनाया तथा प्रातः की बेला में सुबह 10:00 बजे से रुद्राभिषेक हेतु शिवभक्तों का जमावड़ा लगा रहा ।सभी शिवभक्त पार्थिव शिवलिंग का निर्माण पूजन करके भगवान शिव की कृपा से अभिसिंचत हो रहे हैं ।इसका आयोजन में समस्त ग्रामवासी क्षेत्रवासी सभी सम्मिलित होकर के धर्म लाभ अर्जित कर रहे हैं । ज्ञातव्य हो कि यह आयोजन बिगत 6 बर्षो से वर्ष में एक बार आयोजित होता है ।इसका मूल उद्देश्य भगवान शिव की भक्ति से लोगों को जोड़ना है एवं समस्त श्रद्धालु जन इस दिव्य आयोजन में तन मन-धन से सहयोग करके इस कार्यक्रम को सफल एवं सार्थक बना रहे हैं। कथा व्यास पंडित ओम शंकर जी महाराज जी के द्वारा कृष्ण रुक्मणी विवाह सहित भगवान श्री कृष्ण की 16108 विवाहों का मार्मिक प्रसंग का विस्तृत वर्णन किया गया ,साथ ही भगवान कृष्ण की विविध बाल लीलाएं जिसमें रासलीला आदि का भी मार्मिक रूप से वर्णन किया गया ।उक्त आयोजन में आयोजन समिति बोरदयी एवं क्षेत्रीय जन सभी सम्मिलित होकर धर्म लाभ अर्जित करते हैं।।

### आयोजित हुआ जन सुनवाई कार्यक्रम

**सिवनी/** मध्यप्रदेश प्रदूषण बोर्ड द्वारा गत 22मार्च को सिवनी जिला अंतर्गत आने वाली रेत खदान खुर्सीपार, अरंडिया, सकरी, नसीपुर में लोक सुनवाई की गई जहां ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों ने उक्त खदान शुरु न किए जाने की आपत्ति दर्ज कराई, इस संबंध में प्राप्त जानकारी अनुसार खुर्सीपार, अरंडिया, सकरी एवं नसीपुर की रेत खदान सरकार द्वारा स्वीकृत की गई है, उपरोक्त सभी खदानें कृषि भूमि में बनी है, इन क्षेत्रों में जनता का आवागमन व कृषि कार्य किया जाता है, उपरोक्त खदानों में विगत वर्षों से रेत ठेकेदार द्वारा बड़ी-बड़ी मशीनों से रेत उत्खनन किया जाता है, जिससे नदी की गहराई अधिक हो गई है, बड़ी- बड़ी आधुनिक मशीनें,पोकलैंड किया जाता है, जिसके उत्खनन से कृषि भूमि का कटाव लगातार बड़ रहा है, जिसका नुकसान किसानों को हो रहा है, रेत खदान के आस पास वन छेत्र है, मशीनों की तेज आवाज के कारण जंगली जानवर जंगलों में न जाकर रहवासी छेत्र में पालतू मवेशियों को नुकसान होता है, ग्रामीण सड़को से छमता से अधिक रेत डम्फरो में भर कर परिवहन किया जाता जिसे सड़के गढ्डों में तब्दील कम समय में हो रही है, जिस कारण आम जन को परेशानी होती है, नदी से निरंतर मशीनों के उपयोग से मिट्टी का कटाव के कारण जल स्तर भी लगातार भी गिर रहा है, जिससे आम जनमानस को पीने का पानी व कृषि कार्य के लिए पानी की समस्याओं का सामना करना पड़ता है, उपरोक्त समस्त कारणों से धनई नदी में स्वीकृत रेत खदान को तत्काल निरस्त करने की मांग सैकड़ो हस्ताक्षरित आवेदन के माध्यम से उपस्थित पर्यावरण बोर्ड के अधिकारियों के समक्ष आपत्ति दर्ज कराई गई यदि जन भावना को नजरअंदाज किया जाता है, तो क्षेत्र के लोग खदान बंद करने सामूहिक आंदोलन करेंगे की बात ग्रामीणों ने पर्यावरण बोर्ड के अधिकारियों को लिखित रूप से दी है।

### बंडोल थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न

**सिवनी/** सिवनी जिले के ग्राम बंडोल व बंडोल थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विभिन्न ग्रामों में आगामी होली पर्व पर शांति व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखने के लिए बंडोल थाना प्रांगण में जिला पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह के निर्देशन में बंडोल थाना प्रभारी राजेश कुमार दुबे की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई थाना प्रभारी राजेश दुबे ने थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए उपस्थित जनों से अपने अपने विचार जाने जिसमें क्षेत्र के उपस्थिति वरिष्ठ गणमान्य नागरिकों ने अपने-अपने सुझाव खुलकर दिए।

## चुनावी आचार संहिता के परिपेक्ष्य में कोतवाली पुलिस सिवनी की कार्यवाई

# 28 लाख रूपये के सोने के जेवरात जप्त



**सिवनी**

लोकसभा चुनाव आचार संहिता दौरान श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय व चुनाव आयोग व्दारा अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने हेतु निर्देशित किया गया है जो इसी परिपेक्ष्य में श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय सिवनी तथा श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी पुलिस महोदय सिवनी के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली सिवनी पुलिस को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई है कि सुभाष पुतला चौक सुनारी मोहल्ला पप्पू सोनी के घर के पास एक बाहरी व्यक्ति एक थैले में सोने चांदी के जेवरात अवैध रूप से रखे हुये है जो बेचने की फिराक में है सूचना पर हमराह स्टाफ व गवाह के सुनारी मोहल्ला में सुभाष पुतला चौक के पास एक व्यक्ति को एक थैला में सोने के जेवरात लिये पकड़ा जिससे जेवरातों के बिल पूछने पर कोई दस्तावेज नहीं होना बताया जिसकी शुध्दता की जांच व नाप विशेषज्ञ से कराने पर कुल वजनी लगभग 515 ग्राम कीमती करीबन 28,13,218 रूपये पाया गया जो वैधानिक कार्यवाही की जाकर प्रकरण तैयार कर आयकर विभाग को भेजा जा रहा है।

**नाम संदेही** - सुरेश कुमार गुप्ता पिता स्व. हरिशंकर गुप्ता उम्र 58 साल निवासी मथुरा उत्तरप्रदेश।

**विशेष भूमिका** – निरी. सतीश तिवारी, उ.नि. देवेन्द्र उइके, आर. 262 नीतेश राजपूत, आर. 134 अमित रघुवंशी, आर. 247 इरफान, म.आर. 170 निशा।

## कान्हीवाडा थाना क्षेत्र में बैठने लगी जुए की महफिल, जुआरियों को नहीं है पुलिस का डर

### एसपी के आदेशों की उड़ रही हैं धज्जियां, सरेआम कट रही है नाल, जमकर लग रहे हैदाव

**सिवनी** ।पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव ने अवैध कारोबार जैसे जुआ, सट्टा,अवैध शराब बिक्री,नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने सख्त आदेश जारी किए है।जिसके बाद भी शहर से लगे कान्हीवाडा थाना अंतर्गत लगने वाले कुछ गांव में देर रात होते ही खुलेआम जुआ फड़ की महफिल सज रही है।आखिर किसके संरक्षण में जुआ फड़ का संचालन किया जा रहा है,क्या कान्हीवाडा पुलिस को नही है इसकी जानकारी?

सूत्र बताते है कि जुआ संचालित करने वाले लोग कानीवाड़ा थाना क्षेत्र के ही हैं जिनका आना-जाना थाने में लगा ही रहता है एवं आने वाले त्योहार होली में बड़े रूप से जुआ संचालित करने की योजना बनाई जा रही है

जबकि सिवनी पुलिस अधीक्षक का सख्त आदेश है कि जुआ फड़ संचालित करने वाले लोगों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए परंतु चुनाव आचार संहिता लगने के बाद भी क्षेत्र में जुआरी अपना जाल फैलाकर हुए की महफिल चला रहे हैं।

क्षेत्र में जुआ अब चोरी छुपे ना होकर खुलेआम होने लगा है ताश के पत्तों पर हजारों के दाव लगने लगे हैं इन सट्टा जुआ से न जाने कितने परिवार बर्बादी की कगार में आ चुके हैं एवं अपराधिक गतिविधियां भी बड़ रही हैं ऐसा होना लगभग असंभव है कि पुलिस को इसकी जानकारी नहीं है या यू कहना गलत नहीं है कि पुलिस इन ज्वारियों को संरक्षण दे रही है क्षेत्र के युवा पूरी तरह से जुए की लत में शामिल हो चुके हैं ।

हरिभूमि अखबार के अगले * अंक में आगे पढियेगा की जुआरियों द्वारा किन किन स्थान में जुआ संचालित हो रहा है एवं इसमें किस किसका सहयोग है पूरी खबर विस्तारपूर्वक प्रकाशित की जाएगी।

## ज्योतिषाचार्य पंडित अखिलेश त्रिपाठी ने दी होलिका दहन की जानकारी

# चंद्र ग्रहण का नहीं होगा भारत में कोई असर



**अनूपपुर।**

फाल्गुन पूर्णिमा को होलिका दहन और इसके अगले दिन होली मनाई जाती है। इस साल फाल्गुन पूर्णिमा तिथि 24 मार्च को सुबह 09 बजकर 54 मिनट से शुरू होगी। वहीं इस तिथि का समापन अगले दिन यानी 25 मार्च को दोपहर 12 बजकर 29 मिनट पर होगा। होली एक सांस्कृतिक, धार्मिक और पारंपरिक त्योहार है। पूरे भारत में इसका अलग ही जश्न और उत्साह देखने को मिलता है। होली भाईचारे, आपसी प्रेम और सद्भावना का त्योहार है। इस दिन लोग एक दूसरे को रंगों में सराबोर करते हैं। होली हिंदू धर्म का प्रमुख पर्व है। बसंत का महीना लगने के बाद से ही इसका इंतजार शुरू हो जाता है। फाल्गुन शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा की रात होलिका दहन किया जाता है और इसके अगले दिन होली मनाई जाती है। हिंदू धर्म के अनुसार होलिका दहन को बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक माना गया है। होली एक सांस्कृतिक, धार्मिक और पारंपरिक त्योहार है। पूरे भारत में इसका अलग ही जश्न और उत्साह देखने को मिलता है। होली भाईचारे, आपसी प्रेम और सद्भावना का त्योहार है। इस दिन लोग एक दूसरे को रंगों में सराबोर करते हैं। घरों में गुझिया और पकवान बनते हैं। लोग एक दूसरे के घर जाकर रंग-गुलाल लगाते हैं और होली की शुभकामनाएं देते हैं। ऐसे में आइए जानते हैं इस साल होली की सही तारीख और

### क्या है शुभ मुहूर्त

होलिका दहन सोमवार, 25 मार्च को किया जाएगा. इस दिन शाम 6 बजकर 33 मिनट से 7 बजकर 53 मिनट तक भद्रा पुंछ रहेगी. ऐसे में होलिका दहन का मुहूर्त रात 11 बजकर 12 मिनट से लेकर रात 12 बजकर 07 मिनट तक रहने वाला हैफाल्गुन पूर्णिमा पर होलिका दहन से पहले होलिका माई की विधिवत पूजा होती है. इस दिन सूर्योदय से पहले उठें और स्नान के बाद साफ-सुथरे वस्त्र पहनें. शाम को होलिका दहन के स्थान पर पूजा की थाल लेकर जाएं. यहां पूर्व या उत्तर दिशा की ओर मुख करके बैठें. सबसे पहले होलिका को उपले से बनी माला अर्पित करें. अब रोली, अक्षत, फल, फूल, माला, हल्दी, मूंग, गुड़, गुलाल, रंग, सतनाजा, गेहूं की बालियां, गन्ना और चना आदि चढ़ाएं.

### भक्त प्रहलाद से जुडी है कथा

त्रिपाठी ने बताया की हिन्दू धर्म के अनुसार होलिका दहन मुख्य रूप से भक्त प्रह्लाद की याद में किया जाता है। भक्त प्रह्लाद राक्षस कुल में जन्मे थे परन्तु वे भगवान नारायण के अनन्य भक्त थे। उनके पिता हिरण्यकश्यप को उनकी ईश्वर भक्ति अच्छी नहीं लगती थी इसलिए हिरण्यकश्यप ने प्रह्लाद को अनेकों प्रकार के जघन्य कष्ट दिए। उनकी बुआ होलिका जिसको ऐसा वस्त्र वरदान में मिला हुआ था जिसको पहन कर आग में बैठने से उसे आग नहीं जला सकती थी। होलिका भक्त प्रह्लाद को मारने के लिए वह वस्त्र पहनकर उन्हें गोद में लेकर आग में बैठ गई। भक्त प्रह्लाद की विष्णु भक्ति के फलस्वरूप होलिका जल गई और प्रह्लाद का बाल भी बांका नहीं हुआ। शक्ति पर भक्ति की जीत की खुशी में यह पर्व मनाया जाने लगा। साथ में रंगों का पर्व यह सन्देश देता है कि काम, क्रोध,मद,मोह एवं लोभ रुपी दोषों को त्यागकर ईश्वर भक्ति में मन लगाना चाहिए।

## सरसंघचालक के विचार का वैज्ञानिक प्रमाणन के लिए

### अमरकंटक केन्द्रीय विवि से जारी पीएचडी शोध पर होगा अंतर्राष्ट्रीय मंथन

**अनूपपुर।** केंद्रीय विश्वविद्यालय के शोध छात्र, अभाविप विश्वविद्यालय खंड के पूर्व अध्यक्ष तथा स्वावलंबी भारत अभियान के शहडोल जिला युवा आयाम प्रमुख चिन्मय पांडे अपने पीएचडी कार्य में प.पू. सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत के विचार पर शोध कर रहे है। पीएचडी का टॉपिक ओम है जिसमे हम सबके पूर्वज समान है, डीएनए मैपिंग के आधार पर हजारों साल पहले के अखंड भारत काबुल के पश्चिम से छिंदविन नदी की पूर्व तक और चीन की तरफ की ढलान से श्रीलंका के दक्षिण तक जो मानव समूह के लोंगों का डीएनए समान है। हमारे पूर्वजों ने ही हमें सब सिखाया है. सबकी अपनी-अपनी पूजा-पद्धती है, मान्यताएं हैं. सबकी अपनी-अपनी भाषा है और विविधता में एकता वाले ये सभी लोग हिंदु ही है इसका वैज्ञानिक प्रमाणन करने रिसर्च किया जा रहा है। चिन्मय पांडे के शोध निदेशक आचार्य (डॉ) विकास सिंह है।



**दस्तावेजी प्रमाण साबित करते हैं कि भारत के सभी लोग हिंदू ही है**

चिन्मय पांडे का फरवरी 2021 में पीएचडी का पंजीयन हुआ है तथा 21 पीढ़ी तक के पूर्वजों की वंशावली का दस्तावेज यह साबित करते है की भारत में रहने वाले सभी पूजा पद्धति के लोग हिंदू ही है। यह जानकारी वैज्ञानिक एवं दस्तावेज प्रमाण के साथ बताया जाना अत्यंत अनिवार्य हो गया है, विदेशी आक्रांताओं द्वारा भारत के पूर्वजों पर किए गए घोर प्रताड़ना, अपहरण, बलात्कार, जबरन धर्मांतरण जैसे अत्याचारों की वजह से भारत के कुछ लोग धर्मांतरित हुए। शोध के प्रमाणन से भारत के लोंगों को अपने पूर्वजों पर हुए अत्याचार के कारण हुए धर्मांतरण को ध्यान में लाया जा सकेंगा। अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक, साधु संत, अकादमिक एवं प्रबुद्ध जनों के साथ होगा संगोष्ठी शोध विद्वान चिन्मय पांडे ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के माध्यम से भारत में रहने वाले 140 करोड़ भारतीयों के साथ-साथ अखंड भारत के लोग हिंदू ही है तथा उनके पूर्वजों की वंशावली में हिंदू होने की दस्तावेजी प्रमाणन है तथा डीएनए में एक समानता होने के कारण डीएनए भारत मूल के सभी लोग एक समान देखते हैं, इस पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शोध पत्र आमंत्रित कर साधु-संत, अधिवक्ता, समाजसेवी, अकादमी विद्वान सभी से शोध पत्र लेकर प्रकाशित किया जाएगा। जिसमें इस बात की वैज्ञानिक प्रमाणिकता तथा दस्तावेजी प्रमाणिकता को इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस प्रोसीडिंग्स के रूप में प्रकाशित किया जाएगा, जिससे भारत के रहने वाले 140 करोड़ भारतीय यह जान सके कि उनके पूर्वज हिंदू ही थे। इसके लिए गया, प्रयागराज, कोणार्क, हरिद्वार सहित जहां-जहां भारत के विभिन्न स्थानों पर पूर्वजों के पिंडदान की प्रक्रिया होती थी वहां पर वंशावली के दस्तावेज सुरक्षित है, ऐसे समस्त वंशावली लेखक को एवं पंडों को भी आमंत्रित किया जाएगा।



## जोनल पीएनएम बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

**अनूपपुर।** हम सब की क्षमता लगभग एक समान है परंतु अगर व्यक्ति अपनी सोच को बढ़ा कर निरंतर प्रयास करें तो हर लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है, यही लक्ष्य लेकर हमने मेरे 02 साल 08 माह के कार्यकाल में रेलवे स्वास्थ्य विभाग में व्यापक परिवर्तन हुआ है व्यवस्था में सुधार के आधुनिक मशीनें दी गई है रेलवे बोर्ड को प्रस्ताव भेज कर 11 स्पेशलिस्ट डाक्टर के पद स्वीकृत हुए हैं, 17 करोड़ का बिलासपुर में आधुनिक इंडोर स्टेडियम की स्वीकृति दी गई है यह सब रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के मांग, सुझाव, सहयोग से हासिल हुआ है। उक्त उद्गार वर्ष 2024 के प्रथम जोनल स्थाई वार्ता तंत्र पीएनएम बैठक 21 व 22 मार्च को आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे बिलासपुर के महाप्रबंधक आलोक कुमार ने कहा। रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के जोनल अध्यक्ष तपन चटर्जी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा बिलासपुर महाप्रबंधक अलोक कुमार के पदस्थ होते ही रेल कर्मचारियों के हित में ऐतिहासिक फैसले हुए जीडीसी कोटा लगातार किया गया। 10% इंटक कोटा, 35 करोड़ का ओवर टाइम पेमेंट तीनों मंडल के स्टेशन मास्टर को दिया, रेलवे कलोनी विकास हेतु महाप्रबंधक ने स्पेशल बजट दिया। दो दिवसीय जोनल पी एन एम बैठक केअध्यक्ष आर के अग्रवाल ने बैठक का संचालन किया। बैठक में उपमहाप्रबंधक वी के साहू अन्य रेलवे जोन अधिकारी मौजूद रहे, रेलवे मजदूर कांग्रेस के केन्द्रीय पदाधिकारी बी कृष्ण कुमार, डी विजय कुमार, डीके स्वाइन, विजय अग्निहोत्री, मीडिया प्रभारी लक्ष्मण राव ने भाग लिया जोनल पी एन एम बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए जिनमे बिलासपुर, रायपुर, नागपुर मंडल के रनिंग कर्मचारियों के सभी समस्याओं के निराकरण हेतु अप्रैल माह में संयुक्त रनिंग मीटिंग होगी। केन्द्रीय चिकित्सालय में हॉस्पिटल असिस्टेंट खाली पदों में ट्रैक मेंटेनर, मेडिकल विभाग के ग्रुप डी स्टाफ से भरा जाएगा, 50 रेल आवास वाले रेलवे कालोनी में ओपन जीम लगाया जाएगा। रेलवे मैडिकल कॉलेज बिलासपुर में स्थापित कर कुछ महत्वपूर्ण कोर्स की शुरूआत की जाएगी, दुर्भावना से से अढफ को खराब करने वाले अधिकारी के निर्णय को समीक्षा कर सुधार करने का अवसर दिया जाएगा, कमर्शियल सहित इंजीनियर विभाग में ट्रैक मेंटेनर के उत्पीड़न मामले में रोक लगाने हेतु गलत मनमाने स्थानांतरण पर रोक लगाई जाएगी।



# 60 छात्र-छात्राओं को दिलाया गया कौशल विकास प्रशिक्षण

**जैतहरी।**

20 मार्च कंपनी के सीएसआर विभाग द्वारा स्थानीय युवती एवं युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आईसेक्ट के बैनर तले दो माह एवं 15 दिवस का प्रशिक्षण दिलाया गया। इस आयोजन में कुल 60 छात्रों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस प्रशिक्षण का आयोजन दो बैच (30 छात्र प्रति बैच) में किया गया जिसमें बेसिक इलेक्ट्रिकल, हाउस वायरिंग एवं कंप्यूटर ज्ञान जैसी विशेष ट्रेडो में छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षित किया गया। यह प्रशिक्षण नजदीकी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जैतहरी में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के उपरांत सभी 60 छात्र-छात्राओं का 03 प्राइवेट कंपनियां जिनमें मेसर्स पी.दास. फोर्जिंग प्राइवेट लिमि0, मेसर्स ली बैड एवं मेसर्स आई.टी.सी. के द्वारा रोजगार हेतु चयनित किया गया। प्रशिक्षण उपरांत कंपनी के सीएसआर विभाग एवं ट्रेनिंग पार्टनर आईसेक्ट के द्वारा प्रमाण-पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कंपनी के प्लांट प्रमुख एवं सीओओ बसंता कुमार मिश्रा ने उपस्थित होकर छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र वितरण कर उन्हें शुभकामनायें दी और विभाग के द्वारा की गई इस पहल की सराहना की। कंपनी के मानव संसाधन एवं प्रशासन विभाग के प्रमुख आर0के0 खटाना के द्वारा छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र वितरित कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की और साथ ही कंपनी के सीएसआर एवं आईसेक्ट के सहयोग से स्थानीय युवती-युवाओं के सपनों को साकार करने के प्रयास की सराहना की। आईसेक्ट के प्रतिनिधि भगवानदास ने बताया कि इस सफल अभियान से निश्चित ही छात्र-छात्राओं को प्रसन्नता का अनुभव हुआ है और उन्होंने मन लगाकर इस प्रशिक्षण को प्राप्त किया है एवं उनकी निष्ठा व लगन से ही उनका चयन हो पाना सुनिश्चित हो सका है। इस दौरान रोजगार में चयनित छात्र-छात्राओं ने इस आयोजन के लिए प्रसन्नतापूर्वक कंपनी एवं ट्रेनिंग पार्टनर आईसेक्ट का धन्यवाद व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में सीएसआर प्रमुख सत्यम सलील एवं अन्य विभागीय अधिकारी जिसमें विकास राय (समन्वयक), डॉ. तनवीर, रश्मि लखेरा एवं शुभाशीष ने अपनी महत्वपूर्ण सहभागिता दर्ज की।

### आबादी क्षेत्र में विचरण कर रहे मोर

**अनूपपुर।** वन मंडल अनूपपुर के अनूपपुर एवं जैतहरी वन परिक्षेत्र के आबादी बाहुल्य दो अलग,अलग ग्रामों के टोला-मोहल्ला में विगत एक वर्ष से निरंतर विचरण कर रहे राष्ट्रीय पक्षी मोर पर आगामी त्यौहार को देखते हुए नजर बनाए रखने तथा विचरण की स्थिति को देखते हुए सतर्कता बरतने के संबंध में अनूपपुर वन मंडलाधिकारी डीएफओ ने वन अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। ज्ञातव्य है कि अनूपपुर वन मंडल अंतर्गत अनूपपुर एवं जैतहरी वन परीक्षेत्र के दो ग्रामों में विगत एक वर्ष से राष्ट्रीय पक्षी दो मादा एवं एक नर मोर निरंतर विचरण कर रहे हैं जो दिन के समय ग्रामीणों के अन्य पशु-पक्षियो के साथ विचरण करते हुए रात होने पर आस-पास के पेड़ों में अपना रहवास बनाकर रहते हैं यह प्रक्रिया निरंतर चल रही है जिसकी जानकारी ग्रामीणों द्वारा अनूपपुर जिला मुख्यालय के वन्य जीव संरक्षक शशिधर अग्रवाल को दिए जाने पर उनके द्वारा वन मण्लाधिकारी अनूपपुर शुश्री श्रद्धा पेन्द्रे के साथ वन परिक्षेत्र अधिकारी अनूपपुर एवं जैतहरी को अवगत कराते हुए आने वाले विशेष त्यौहार होली को देखते हुए मोरों के विचरण पर निगरानी रख सुरक्षा बनाए रखने की बात कहीं रही है जिस पर डीएफओ अनूपपुर द्वारा वन विभाग के मैदानी अधिकारियों-कर्मचारियों को राष्ट्रीय पक्षी मोरों के विचरण पर नजर रखने तथा संरक्षण करने की निर्देश दिए हैं।

## खबर संक्षेप

### निर्वाचन के कारण 3 दिन मेडिकल बोर्ड करेगा कार्य

**बालाघाट।** कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने सीएमएचओ को निर्देश दिए है कि निर्वाचन के कारण मेडिकल बोर्ड अब सप्ताह में 3 दिन कार्य करेगा। निर्वाचन प्रक्रिया में अनिवार्य सेवा घोषित किये जाने और सभी प्रकार के अवकाश प्रतिबंधित किये जाने के कारण अधिकांश अधिकारी व कर्मचारी चिकित्सा प्रमाण पत्र के आधार पर आवेदन प्रस्तुत कर रहे है। निर्वाचन कार्य से मुक्त करने के लिए चिकित्सा प्रमाण पत्र को मुख्य आधार मनाने के लिए मेडिकल बोर्ड का गठन करने के निर्देश दिए गए है। मेडिकल बोर्ड में 3 डॉक्टर्स को शामिल किया जाएगा, इसमें एक स्त्रीरोग, एक अस्थि रोग व एक अन्य चिकित्सा अधिकारी को नियुक्त किया जाएगा।

### महाविद्यालय परसवाड़ा में मानव श्रृंख्ला बनाकर दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

**बालाघाट।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, जिला स्वीप नोडल अधिकारी व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिपं श्री डीएस रणदा के मार्गदर्शन में शनिवार को स्वीप गतिविधी का आयोजन विकासखण्ड स्तर पर किया गया। इसी कड़ी में जपं परसवाड़ा में श्री रितेश चौहान के मार्गदर्शन में शुक्रवार को स्वीप गतिविधी का आयोजन विकासखण्ड स्तर पर किया गया। वहीं चुनाव का पर्व देश का गर्व शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य के साथ स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्विरोध और निस्वार्थ मतदान का संकल्प लिया गया। साथ ही रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय परसवाड़ा के छात्र-छात्राओं को मतदान में सहभागिता के माध्यम से राष्ट्र के प्रति कर्तव्य निभाने का संकल्प भी लिया गया। कार्यक्रम के माध्यम से अनिवार्य रूप से मतदान करने व अन्य लोगों को भी जागरूक करने हेतु समझाइए दी गई।

### पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी का किया गया आयोजन

**बालाघाट।** पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत गत 21 मार्च को विश्व वानिकी दिवस तथा 22 मार्च 2024 को विश्व जल दिवस के अवसर पर विद्यालय प्रांगण में बच्चों व युवाओं को पर्यावरण से संबंधित मुद्दों पर आधारित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं के द्वारा जल संरक्षण, जल प्रबंधन एवं पर्यावरण सरंक्षण थीम पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लेकर विभिन्न प्रकार के पोस्टर का निर्माण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री सौरभ शरणागत फारेस्ट रेंजर बिरसा परिक्षेत्र के मुख्य आतिथ्य में निर्णायक समिति के द्वारा जल संरक्षण, वृक्षारोपण, पर्यावरण सरंक्षण, जल प्रबंधन इत्यादि विषयों पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन कर प्रदर्शनी के प्रस्तुतीकरण, स्वच्छता एवं प्रदर्शन के आधार पर छात्र-छात्राओं को प्रकृति भ्रमण के लिये चयनित किया गया।

## भविष्य में मानव और वन्य प्राणियों के बीच द्वंद की ओर इशारा कर रही घटनाएं

# जंगली भालू ने 3 और सुअर ने 4 लोगों पर किया प्राण घातक हमला

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

कटंगी तहसील के ग्राम सावंगी में एक जंगली भालू यानी की रीछ गांव में घुस आया और 03 लोगों पर हमला कर दिया. भालू के हमले से घायल हुए तीनों ही लोगों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल कटंगी लाकर भर्ती करवाया गया. घटना शनिवार की सुबह 07 बजे के बाद की बताई जा रही है. वन परिक्षेत्र कटंगी सर्किल के तहत आने वाले सावंगी गांव में सुबह भालू ने जमकर आतंक मचाया. खेत में काम कर रहे एक ग्रामीण के साथ दो अन्य ग्रामीणों पर भालू ने हमला कर दिया. घायल पोतनलाल बिसेन, उमेश उपरीकार, पुरुषोत्तम विश्वकर्मा को कटंगी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करवाया गया है. घटना के बाद वन विभाग की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची जिसने भालू की तलाश शुरू कर दी है. विभाग ने खेतों से भालू के पदचिन्ह चिन्हित किए है. वहीं दूसरी घटना महकेपार सर्किल के ग्राम देवरी की है. यहां पर वन्य प्राणी जंगली सुअर ने गांव के भीतर आकर 04 लोगों पर हमला कर दिया. जंगली सुअर के हमले से 60 वर्षीय महिला श्यामकला ठाकरे, सुरेन्द्र पिता झनकलाल और उदयलाल पिता बाबूलाल घायल हुए है. यह तीनों देवरी के निवासी है. उदयलाल को गंभीर चोट आने पर जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया गया. वहीं गोरेघाट निवासी दीपक राउत पर भी जंगली सूअर ने हमला किया. दीपक अपने गांव से पौनारखारी काम पर जा रहा था. घटना के बाद चारों घायलों को उपचार के लिए नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र महकेपार ले जाया गया था. बता दें कि अब हर साल गर्मी पड़ते ही वन्य प्राणियों का रिहायशी क्षेत्रों की ओर आना आम हो यहा है. सूत्रों की माने तो जंगल में पानी खत्म होने से वन्य प्राणी गांव की ओर चले आ रहे हैं और उनका लोगों से आमना-सामना होने या फिर पानी नहीं मिलने पर वो हिंसक हो जाते हैं।

### वन्य प्राणियों की गांव में दस्तक खतरे का संकेत

वन्य प्राणियों का गांव में दस्तक देने की घटनाएं मानव जीवन पर खतरे का संदेश दे रही है. इस तरह की घटनाएं सामान्य जरूर दिखाई दे रही है. मगर, यह भविष्य में मानव और वन्य प्राणियों के बीच द्वंद की चुनौतियों की तरफ इशारा कर रही है. इसके साथ ही वनों से सटे ग्रामीण इलाकों के लोगों को सावधानी बरतने या फिर वन्य प्राणियों के साथ गुजर-बसर करने के लिए अभी से तैयार होने और सतर्क होने का सबक दे रही है. चूंकि जंगल में मिश्रित वन तेजी से घट रहे है और तेजी से सागौन के प्लांटेशन उनकी जगह ले रहे है. निश्चित तौर पर ऐसा करने से वन विभाग को मोटा राजस्व मिल रहा होगा. लेकिन मिश्रित वन घटने से पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है।



### बालाघाट रिटर्निंग अधिकारी ने संसदीय क्षेत्र के नोडल अधिकारियों के साथ बैठक की

**बालाघाट।** कलेक्टर व रिटर्निंग अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने गुरुवार को कलेक्टर सभागृह में संसदीय क्षेत्र 15 बालाघाट-सिवनी के नोडल अधिकारियों तथा सहायक रिटर्निंग अधिकारियो के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि संसदीय क्षेत्र के सभी अधिकारी एक होकर कार्य सम्पादित करेंगे तो आसान होगा। पहले चरण में निर्वाचन होने के कारण समय ज्यादा नही है। इश्लिये आपसी समय सबसे आवश्यक है। शांतिपूर्ण व निष्पक्षतापूर्ण निर्वाचन के लिए एक दूसरे से समन्वय के साथ सूचनाओं का आदान प्रदान करना आवश्यक है। आरओ डॉ. मिश्रा द्वारा पोस्टल बैलेट और ईडीसी जारी करने के सम्बंध में निर्देशित किया गया कि 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता व दिव्यांग तथा अत्यावश्यक सेवाओ में संलग्न होने वाले अधिकारियों के मतदान सुविधा केंद्रों व चलित मतदान केंद्र पर करवाने के लिए कार्यवाही करना है।दिव्यांग व 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता से बीएलओ के माध्यम से पावती प्राप्त कर नोडल अधिकारी को 24 मार्च से सुनिश्चित किया जाना है। साथ ही आरओ डॉ. मिश्रा ने निर्देश दिए है कि पोस्टल बैलेट सहित मतदान दल कर्मियों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण की सुविधाजनक व्यवस्था सुनिश्चित करें।

## मोवाड़ से सालेटेकरी, कंजई से बहेला तक चारों दिशाओं में मतदान का संदेश लेकर निकलती है बसें

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

आम लोकसभा निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित कराने के लिए स्वीप प्लान के तहत मतदाता जागरूकता ने जिले में जोर पकड़ा है। अब जिले की चारों दिशाओं में अन्य जिलों व राज्य की सीमाओं पर गाँवो तके बसे मतदान तारीख के साथ मतदान समय और मतदान के महत्व बताते हुए पहुँच रही है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री अनिमेष गड़पाल ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन के दौरान स्वीप गतिविधि में हर एक बस जो गांव- गांव खेड़ों तक व जिले की सीमाओं तक पहुँचती है। सभी बसों में फ्लेक्स बैनर चस्पा किये गए है। जिले में ऐसे 200 रूट पर बसें चल रही है जो लगभग सभी को तक पहुँच बना रही है।



## आज, भारती पारधी नगर में सर्व समाज और भाजपा की बैठक होगी शामिल

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



लोकसभा क्षेत्र बालाघाट-सिवनी भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी भारती पारधी आज रविवार को अपने जनसंपर्क अभियान के तहत विधानसभा बालाघाट के बालाघाट नगर के विभिन्न स्थानों में सर्व समाज के सामाजिक जनों, भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से रूबरू होकर आशीर्वाद और मार्गदर्शन लेगी। इसी कड़ी में भारती पारधी सुबह 8 बजे गुरुद्वारा में सिख समाज के साथ बैठक। दोपहर 12 बजे होटल चंदेला में रोटरी क्लब के साथ बैठक। दोपहर 1 बजे भाजपा कार्यालय में नगर मंडल भाजपा की बैठक। वहीं शाम 6 बजे पवार मंगल भवन में पंवार समाज की बैठक में शामिल होगी।

## राजनीतिक दलों ने देखी ईवीएम मशीनों के प्रथम रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

आम लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत गुरुवार को ईवीएम मशीनों के सम्बंध में महत्वपूर्ण गतिविधि आयोजित हुई। इस गतिविधि में 19 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए उपयोग में लायी जाने वाली ईवीएम मशीनों का प्रथम रेंडमाइजेशन राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में हुए प्रथम रेंडमाइजेशन में विधानसभाओं को ईवीएम मशीनें आवंटित की गई है। यह रेंडमाइजेशन आयोग के बने विशेष व सुरक्षित साफ्टवेयर के माध्यम से किया गया। उपजिला निर्वाचन अधिकारी श्री केसी ठाकुर ने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार जिले में स्थापित 1675 मतदान केंद्रों के लिए 120-120 प्रतिशत बीयू, सीयू तथा 130 प्रतिशत 2177 वीवीपेड का रेंडमाइजेशन किया गया। अब जिले के 1675 मतदान केंद्रो के लिये 2010 बीयू व 2010 सीयू तथा 2177 वीवीपेट 6 विधानसभाओं के लिये आवंटित हो गई है। इसके पश्चात डीईओ डॉ. मिश्रा व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने विधानसभावार आवंटित ईवीएम मशीनों की कार्यवाही का अवलोकन भी किया।

कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, एसपी श्री समीर सौरभ और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने गुरुवार को पॉलीटेकनिक स्थित स्ट्रॉग रूम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीईओ डॉ. मिश्रा ने सीसीटीवी कैमरे की जांच करते हुए निर्देश दिए कि इसका बेकअप व्यवस्थित रूप से संधारित किया जाए।वहीं पॉलीटेक्निक कॉलेज में चल रहे सिविल कार्यो को जल्द से पूर्ण करने को कहा गया है। पूरे परिसर को साफ व स्वच्छ कर बिजली की हर समय उपलब्धता के साथ यह सुनिश्चित किया जाना है कि ट्रिपिंग के समय तत्काल जनरेटर अपना कार्य प्रारंभ कर दे। वहीं एफएलसी कक्ष का अवलोकन करते हुए व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए है। इस दौरान भाजपा से सुमित यादव, संजय खंडेलवाल, आम आदमी पार्टी के अरविंद चौधरी, कांग्रेस के श्याम पंजवानी व अन्य दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहें।

## शहादत दिवस पर याद किए गए शहीदे आजम भगतसिंह

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

देश को आजादी दिलवाने में जिन भारत माता के सपूतों ने अपने प्राणों का बलिदान दिया, उसमें सरदार भगत सिंह का नाम स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज है। 23 मार्च को शहीदे आजम भगत सिंह की शहादत दिवस पूर्व मुख्य सेवादार और सिक्ख युथ फेडरेशन के नेतृत्व में सिक्ख समाज और बाबा फतेहसिंह जत्था सहित लोगों उन्हें याद किया। गौरतलब हो कि देश की आजादी की महान सपूतो सरदार भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को 23 मार्च 1931 की शाम लाहौर जेल में फांसी दे दी गई थी। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 23 मार्च को शहीद भगतसिंह जिला चिकित्सालय में स्थित शहीदे आजम भगतसिंह की प्रतिमा पर सिक्ख समाज और बाबा फतेहसिंह जत्था ने माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और पुष्पांजलि अर्पित की। शहीदे आजम भगतसिंह के शहादत दिवस पर उपस्थित लोगों ने उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर उनके देश की आजादी में दिए गए योगदान को याद किया। इस दौरान डॉ. जसबीरसिंघ सौंधी, सरदार दर्शनसिंह ढिल्लों, गुरूद्धारा प्रबंधक कमेटी अध्यक्ष हीरासिंघ भाटिया, पूर्व नपाध्यक्ष रमेश रंगलानी, महिला नेत्री लता एलकर, सांसद प्रत्याशी भारती पारधी, अभय सेठिया, आरएसएस संघ चालक वैभव कश्यप, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष हेमा वाधवानी, भाजपा नगर अध्यक्ष सुरजीत सिंह ठाकुर, गजेंद्र भारद्वाज, जैनेंद्र कटारे, जसकरणसिंघ सौंधी, जसमीतसिंघ नरडे, विक्रम सिंह, राहुल राठौर, हरप्रीतसिंघ खालसा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



## बुदबुदा में सीआरपीएफ ने किया मार्च पास्ट : नागरिकों को दिया निर्भीक होकर मतदान करने का संदेश

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



लोकसभा चुनाव के मद्देनजर निर्वाचन आयोग के आदेश अनुसार जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में वारासिवनी पुलिस ने कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए सीआरपीएफ बल के साथ मिलकर ग्राम बुदबुदा का भ्रमण किया। जिसमें संदेश दिया गया कि सभी निर्भीक होकर मतदान करें और शांति व्यवस्था बनाये रखे।

पुलिस थाना वारासिवनी से पुलिस एवं सीआरपीएफ के जवानों का एक दल ग्राम बुदबुदा पहुँचा। जहाँ पर इस दल द्वारा संपूर्ण ग्राम में मार्च पास्ट किया गया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों को मतदान का महत्व बताया और आगामी लोकसभा चुनावों के दौरान बिना किसी डर के मतदान करने का संदेश दिया। वहीं संपूर्ण क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए ग्रामीणों से अनुरोध किया।

### चलित मतदान दलों का जिला पंचायत में हुआ प्रशिक्षण

## दिव्यांग व 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं के घर मतदान केंद्र बनाया जाएगा

**बालाघाट।** आम लोकसभा निर्वाचन-2024 में हर एक मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करना सुनिश्चित कर सकें। इसके लिए निर्वाचन आयोग ने ऐसे मतदाता जो 85 वर्ष से अधिक आयु के है तथा जो दिव्यांग है। जो मतदान के दिन मतदान केंद्र तक नही जा सकते है। ऐसे मतदाताओं के घर पर मतदान दल पहुँचकर मतदान कराएगा। जिले में ऐसे 591 कर्मचारियों को इसके लिये बुधवार को जिला पंचायत सभागृह में प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनर श्री शरद खंडेलवाल ने प्रशिक्षण देते हुए कहा कि इसकी शुरुआत पटवारियों के माध्यम से प्रारंभ की जा चुकी है। पटवारी मतदाता सूची में फ्लैग किये गए संबंधित मतदाता से सम्पर्क कर उनकी सहमति सुनिश्चित कर रहें है। प्रारूप-12- डी के माध्यम से सहमति के उपरांत नोडल अधिकारी 24 मार्च से पूर्व यह कार्यवाही सुनिश्चित करेगा। इसके बाद चलित मतदान केंद्र बनाए जाने के लिए आयोग के निर्देशानुसार दल पहुँचेगा। प्रशिक्षण में प्रशिक्षण नोडल अधिकारी श्री एके उपाध्याय, तहसीलदार वंदना कुशराम उपस्थित रहे।

### चलित मतदान दल में 5 अधिकारी होंगे

मास्टर ट्रेनर श्री खंडेलवाल ने बताया कि ऐसे मतदाता जो घर से मतदान करने की स्वीकृति देते हैं। उनके लिए नियत तिथि पर चलित मतदान केंद्र बनाया जाएगा। नियत तिथि को सम्बंधित बीएलओ, माइक्रो ऑब्जर्वर, पीठासीन अधिकारी और एक मतदान अधिकारी होगा। इस पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी की जाएगी।

### सीएम राइज विद्यालय में प्रवेश की अंतिम तिथि 28 मार्च घोषित

**बालाघाट।** सीएम राईज विद्यालय बालाघाट से प्राप्त जानकारी अनुसार केजी-01, केजी-02 एवं पहली कक्षा में प्रवेश के चयन फार्म 16 मार्च से 23 मार्च तक की अवधि निश्चित की गई थी। इस तिथि में संसोधन करते हुये अब प्रवेश फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 28 मार्च 2024 शाम 5 बजे तक निर्धारित की गई है। वहीं 30 मार्च सुबह 11 बजे चयन प्रक्रिया भी प्रारंभ की जायेगी।

### मुझ जैसी छोटी सी कार्यकर्ता को भरपूर सम्मानः भारती पारधी

## गढी, बैहर और उकवा में हुआ भाजपा बूथ विजय संकल्प सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं है बल्कि एक विचारधारा है। और इस विचार की आत्मा पार्टी का देव दुर्लभ कार्यकर्ता है। जिनके त्याग, तपस्या, बलिदान और अपार परिश्रम से विशाल वृट वृक्ष नुमा संगठन भाजपा को दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी का गौरव दिलाता है। अभीभूत हूं कि एक राष्ट्रवादी विचारधारा वाले संगठन की मैं सामान्य कार्यकर्ता हूं। उक्ताशय के उद्गार बालाघाट- सिवनी भाजपा लोकसभा प्रत्याशी भारती पारधी ने कल बैहर विधानसभा के गढी, बैहर और उकवा में आयोजित भाजपा बूथ विजय संकल्प सम्मेलन में जाहिर किया। भारती पारधी ने कहा, मुझ जैसी छोटी सी कार्यकर्ता को भरपूर सम्मान देते हुए पार्टी ने लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर सांसद के प्रत्याशी के तौर पर आशीर्वाद दिया। आज सारा देश गर्व और गौरव से कह रहा है कि मैं हूं मोदी का परिवार और इस मोदी परिवार की मैं एक सदस्य हूं। आपकी बेटी हूं, आपकी बहन हूं। चलिए मां भारती की सेवा और बालाघाट सिवनी लोकसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए फिर एक बार मोदी सरकार पर विश्वास जताने का आग्रह है।

### राष्ट्र का पुनर्निर्माणः गौरीशंकर बिसेन

क्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री गौरीशंकर बिसेन ने भाजपा कार्यकर्ताओं से आवाह्न किया कि, यह लोकसभा चुनाव कोई सामान्य चुनाव नहीं है। इस चुनाव के निर्णय से राष्ट्र का पुनर्निर्माण होना है। इस दिशा में 2014 से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सराहनीय कार्य करने वाली केंद्र सरकार ने देश हित में अनेको जनकल्याणकारी फैसले लिए हैं। उसे और आगे बढ़ाने की निहायत जरूरत है। ताकि संपन्न, समृद्ध और विकसित भारत सारे विश्व को आलोकित कर सके। यह सब कार्य जनता जनार्दन के आशीर्वाद और भाजपा के देवतुल्य कार्यकर्ताओं की अथाह मेहनत से ही संपन्न होंगे।

### मोदी की गारंटी घर-घर की गारंटीः भगत सिंह नेताम

वहीं पूर्व विधायक भगत सिंह नेताम ने कहा, भूत विजय संकल्प अभियान के तहत हमें पार्टी द्वारा प्रत्येक बूथ पर 370 मत प्राप्त करने का लक्ष्य दिया था। जिसे हम सब की मेहनत से हासिल करना होगा। पार्टी का मूल मंत्र है बूथ जीतो, चुनाव जीतो। उन्होंने कहा यह चुनाव जनता लड़ रही है और मोदी जी के नाम पर लड़ा जा रहा है। देश में चंहूओर और एक बार नरेंद्र मोदी को देश का प्रधानमंत्री बनाने की बयांर बह रही है। इस यज्ञ में हमें अपने समर्पण और कार्य की आहुति देना होगा। जनता जनार्दन के आशीर्वाद से मोदी की गारंटी घर-घर की गारंटी बनेगी।

## आदर्श दान पत्र सेवा समिति बेसहारा जरूरतमंद परिवारों का बन रहा सहारा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

23 मार्च को तह.बैहर (रामाटोला) में एक ऐसा परिवार जो विपरीत परिस्थिति में रह रहा है।, ऐसी सूचना आदर्श दानपात्र सेवा समिति के हेल्पलाइन नंबर पर किसी सज्जन द्वारा सूचना दी गई थी कि (रामाटोला) में दुक्कल सिंह अपने परिवार के साथ विपरीत परिस्थिति में रह रहा है, जिनके परिवार में पांच सदस्य है, यह अपने परिवार का लालन पालन छोटे मोटे कामकाज करते हैं एवं विपरीत परिस्थिति के बावजूद भी यह अपने बच्चों को पढ़ा रहे हैं। जिन्हें अपने परिवार का लालन-पालन करने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सूचना प्राप्त करते ही आदर्श दानपात्र सेवा समिति की टीम द्वारा सूचना की जांच की गई, जांच में पाया गया कि उनकी स्थिति बहुत खराब है, उनसे चर्चा कर हमें बहुत दुख हुआ, और सिख भी उनसे मिली कि इतने विपरीत परिस्थिति में भी हिम्मत नहीं हराना चाहिए , विपरीत परिस्थिति को देखते हुए, आदर्श दानपात्र सेवा समिति एवं जन सहयोग से गद्दे, कम्बल , साड़ियां एवं परिवार के सभी सदस्यों के हिसाब से जरूरत की सामग्री का वितरण किया गया। समिति सभी सदस्यों,दानदाताओ एवं योद्धाओं का हृदय से आभार व्यक्त करती है।

